देश का प्रमुख दैनिक समाचार–पत्र

जनहित का सजग प्रहरी




# जन जन जागरण




Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, गुरूवार 08 मई 2025 | वर्ष-13 अंक- 264 पृष्ठ - 08 मूल्य 3 रुपए 

# ऑपरेशन सिंदूर...टेरर कैंप बने तंदूर

## बदला पूरा...कंधार से पहलगाम तक 25 मिनट में 25 साल का हिसाब बराबर...नौ आतंकी ठिकाने तबाह...हिजबुल का ट्रेनिंग कैंप, जैश का सबसे बड़ा हेडक्वार्टर, लादेन की फंडिंग वाला मरकज ध्वस्त...अब कोई नहीं मांगेगा सबूत, ऑपरेशन का पूरा पाकिस्तान है चश्मदीद

### आतंकी मसूद अजहर को मिली कुकर्मों की सजा...ऑपरेशन सिंदूर में परिवार के 10 लोगों की मौत, फूट-फूटकर रोया दहशतगर्द

### पाकिस्तान से मुकाबले के लिए भारत की चौतरफा तैयारी...18 एयरपोर्ट बंद... 430 फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के 16वें दिन भारत ने आखिरकार बदला ले लिया है। भारतीय वायुसेना ने देर रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की। भारत ने ड्रोन और अत्याधुनिक हथियारों से 9 टारगेट सेट किए और 24 अटैक कर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। पहलगाम हमले का भारत ने ऐसा करार जवाब दिया है कि इस बार कोई सबूत नहीं मांगेगा, क्योंकि पाकिस्तान के तमाम लोग चश्मदीद भी हैं।

भारत ने बुधवार आधी रात करीब डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर, मुरीदके, बाघ, गुलपुर, सवाई, बिलाल, बरनाला, महमूना कोटली और मुजफ्फराबाद में ताबड़तोड़ हमले किए। ये वही ठिकाने हैं, जहां से भारत पर आतंकी हमले की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को टारगेट किया है। यह कार्रवाई खुफिया एजेंसी रॉ के इनपुट पर की गई है। सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। इनमें जैश-ए-मोहम्मद के 4, लश्कर-ए-तैयबा के 3 और हिजबुल मुजाहिदीन के 2 आतंकी ठिकाने शामिल हैं। भारत ने आतंकी अजहर मसूद और हाफिज सईद को गहरी चोट दी और उनके आतंकी कैंप को मिट्टी में मिला दिया। इस बात को पाकिस्तान की आवाम भी चीख-चीख कर कह रही है।

#### पूरा पाकिस्तान चश्मदीद

पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी माना कि कहा कि भारत ने हमला किया है और मिसाइलें दागी गई हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के मस्जिदों से बकायदा ऐलान किया जा रहा था कि लोग घरों को छोड़ दें और सुरक्षित जगहों पर पहुंचे। इस दौरान घरों में कोई भी मौजूद न रहे। लोग घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाते नजर आए। पाकिस्तान की सरकार की तरफ से ये संदेश जनता तक पहुंचाने के लिए कहा गया था। भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।




#### अब कोई नहीं मांगेगा सबूत

भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये हम नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया। इसके बारे में तो स्थिति आज दिन में साफ होगी जब सेना की ओर से आधिकारिक तौर पर बयान जारी किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीरें जारी की है। इन तस्वीरों से स्पष्ट है कि भारत ने कितने व्यापक स्तर पर तबाही मचाई है। इन तस्वीरें इंटरनेशनल फोटो एजेंसी एसोसिएट्स प्रेस (एपी) ने जारी की है। इसमें तबाही के मंजर और पाकिस्तान के अस्पतालों में घायलों को पहुंचाती एंबुलेंस दिख रही हैं। इतना ही नहीं लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित ठिकाने पर जाते दिख रहे हैं। इसके अलावा आतंकी ठिकाने की तबाही के वीडियो और तस्वीरें सबके सामने आई हैं।

#### पाकिस्तान को मिला कल्पना से परे जवाब

पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने आतंकियों और आतंक के आकाओं को साफ चेतावनी दे दी थी कि उन्हें कल्पना से परे जवाब मिलेगा। भारतीय सेना ने बुधवार आधी रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने को जिस तरह से नेस्तनाबूद किया है। इसके अलावा 100 से ज्यादा आतंकियों को भारतीय जवानो ने मार गिराया। भारतीय सेना ने ड्रोन और अत्याधुनिक हथियारों से ताबड़तोड़ 24 अटैक कर पाकिस्तान की नींद उड़ा दी। इतना ही नहीं पाकिस्तान में आतंकियों की लाशें बिछा दी। भारत ने मिसाइल से हमला कर पाकिस्तान को धुआं-धुआं कर दिया। भारत की इस कार्रवाई की पाकिस्तान को भनक नहीं लग पाई।

### भारत ने आतंकियों को मिट्टी में मिलाया

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। वीडियो में आतंकी ठिकानों को तबाह करने की आवाजें साफ तौर पर सुनी गईं। पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद को बड़ी चोट दी है। भारतीय विमानों की गड़गड़ाहट के बीच ऑपरेशन जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना नेस्तनाबूत हो गया। बहावलपुर में जैश का मर्कज सुभान अल्लाह तबाह हो गया। धमाकों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा तो वहीं मुरीदेके में मरकज ए तैयबा को भी उड़ा दिया गया। मरकज में लश्कर के आतंकी ट्रेनिंग लिया करते थे। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, लाहौर और पंजाब में स्थित आतंकी ठिकानों पर करारा हमला किया है। जिन ठिकानों पर हमले हुए हैं, उनमें लाहौर स्थित मुरिदके मस्जिद भी है। यह हाफिज सईद की मस्जिद है, जहां कसाब ने ट्रेनिंग ली थी। भारत का पहला निशाना यही मस्जिद थी। पीओके में मुजफ्फराबाद की 2 आतंकी ठिकाने ध्वस्त हुई हैं, जहां आतंकी ट्रेनिंग लेते थे। यहां आतंकियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती थी। इसके अलावा, मंसहरा और कराची में अन्य चार मस्जिदों को भी बम और मिसाइलों से उड़ा दिया गया है। यह भी आतंकियों की भर्ती का केंद थी।

## ब्रीफ न्यूज

### गौवंश से भरा ट्रक बिजासन में पकड़ा

**सेंधवा।** सेंधवा के बिजासन में पुलिस ने मंगलवार रात को गौवंश से भरे एक ट्रक को पकड़ा। ट्रक में 47 गौवंश मिले, जिनमें से 42 जीवित और 5 मृत थे। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिजासन चौकी प्रभारी विनोद मीणा के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक अवैध रूप से गौवंशों को महाराष्ट्र के बूचड़खाने ले जा रहा है। पुलिस ने जामनिया गांव के पास नेशनल हाईवे पर ट्रक को रोका। चालक और अन्य लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। ट्रक में गौवंशों को क्रूरता से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। सभी जीवित गौवंशों को बडगांव स्थित गौशाला में रखा गया है। गौवंशों के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और मृत गौवंशों का पोस्टमार्टम कर दफनाया गया।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र में करोड़ों की गोल्ड लूट

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में बुधवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 5 करोड़ के सोने की लूट हुई है। जानकारी के मुताबिक, बदमाश 15 लाख कैश भी लेकर भागे हैं। घटना नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की है। बैंक डिप्टी मैनेजर शशिभूषण कुमार ने बताया, सुबह साढ़े 11 बजे हम लोग बैंक में काम कर रहे थे। इसी दौरान 8 से 9 की संख्या में बदमाश आए। कुछ बदमाश बाहर भी खड़े थे। 45 मिनट तक लूटपाट की। गन पॉइंट पर लॉकर खुलवाए। करीब 15 लाख कैश और 5 करोड़ के गोल्ड लेकर फरार हो गए। आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों की पहचान के लिए बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### कौशल राज दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ बने

**वाराणसी।** वाराणसी के कमिश्नर और डीएम रहे आईएएस कौशल राज शर्मा को 3 साल के लिए दिल्ली में प्रतिनियुक्ति दी गई है। उन्हें दिल्ली जल बोर्ड का सीईओ बनाया गया है। 15 दिन पहले ही उनका वाराणसी से लखनऊ ट्रांसफर किया गया था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कौशल राज को सचिव बनाया था। लखनऊ आने के 15 दिन के अंदर ही उनकी जिम्मेदारी बदलने का फरमान आ गया। कौशल राज शर्मा को प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में बुलाया गया। इससे पहले वाराणसी के कमिश्नर रहे दीपक अग्रवाल को भी वाराणसी से सीधे दिल्ली बुलाया गया था। वह भी पीएम मोदी के करीबी थे।

### आंधी-बारिश से 19 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 26 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी है। मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है। गुजरात में भी मौसम की मिजाज बिगड़ा हुआ है। आंधी-बारिश से जुड़ी घटनाओं में देश में अबतक 19 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार में आसमानी बिजली की चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हुई। वहीं गुजरात में 14 लोगों के मरने की खबर है।

### पिकअप खाई में गिरी, 5 की मौत

**राजसमंद।** राजसमंद में एक पिकअप बेकाबू होकर 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 4 बच्चों सहित 5 लोगों की मौत हो गई। करीब 15 लोग घायल हो गए। हादसा भीम थाना क्षेत्र की है। सभी घायलों को भीम के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इनमें से गंभीर हालत होने पर 9 लोगों को ब्यावर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, पाली में मारवाड़ के बोरीमादा सारण गांव का एक परिवार मायरा लेकर राजसमंद के भीम क्षेत्र के दर्रा गांव जा रहा था। परिवार के करीब 35 लोग 2 पिकअप गाड़ी में सवार थे।

### छह स्कूली बच्चों की मौत

**पटियाला।** पंजाब के पटियाला में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह स्कूली बच्चों समेत सात की मौत हो गई। पटियाला-समाना रोड पर गांव नस्सूपुर के बस अड्डे के नजदीक एक प्राइवेट स्कूल की इनोवा गाड़ी की रेत से लदे टिप्पर ट्रक के साथ भीषण टक्कर के बाद कार पेड़ से जा टकराई।

## देश के लिए गर्व का क्षण: ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी की पहली प्रतिक्रिया

### कैबिनेट बैठक में सेना की तारीफ, कहा- सटीक और साहसी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर अपनी पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए इसे देश के लिए गर्व की बात बताया है। बुधवार को आयोजित केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में की गई एयर स्ट्राइक के बारे में विस्तार से जानकारी दी और भारतीय सेना की सटीक और साहसी कार्रवाई की जमकर सराहना की।

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय सेना ने पूरी योजना के अनुसार बिना किसी चूक के आतंकवादियों के नौ ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और संकल्प ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। मंत्रियों ने एक स्वर में कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है और इस निर्णायक कार्रवाई पर उन्हें गर्व है।

सरकार द्वारा दिए गए बयान के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए। इन हमलों में केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया, किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। यहां बताते चलें कि ऑपरेशन सिंदूर दरअसल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के जवाब में की गई कार्रवाई है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर गृहमंत्री शाह बोले- मोदी सरकार किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने को प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत की सर्जिकल कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के शीर्ष नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार भारत और देश के नागरिकों पर किए जाने वाले किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए तैयार है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी इस पर तीखा संदेश दिया। उन्होंने कहा, कि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सजा मिलेगी। उन्होंनें कहा, भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेंकने में सक्षम भी है और संकल्पबद्ध भी। वहीं विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीर साझा करते हुए कहा, विश्व को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाना होगा।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पूरे अभियान की प्रगति पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखी और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ लगातार संपर्क में रहे। इस दौरान सुनिश्चित किया गया कि कार्रवाई पूरी तरह नियोजित रूप से आगे बढ़े।

यह सैन्य कार्रवाई 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के जवाब में की गई, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई थी। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित 9 आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में ध्वस्त कर दिया है।

## एनएसए डोभाल ने चेतावनी देते हुए बताया ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्या होगा भारत का अगला.......एक और गलती हुई तो बख्शा नहीं जाएगा



**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (द्वपीओके) में किए गए एयर स्ट्राइक के बाद उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। डोभाल ने कहा कि यदि सीमा पार से किसी भी प्रकार की आक्रामकता या उकसावे की कोशिश होती है तो भारत उसका करारा और निर्णायक जवाब देगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, और अगर पाकिस्तान ने फिर कोई गलती की, तो परिणाम और भी गंभीर होंगे। डोभाल ने यह भी बताया कि पाकिस्तान की सेना और आतंकी संगठनों द्वारा फैलाया जा रहा प्रोपेगंडा बेनकाब हो चुका है। उन्होंने लश्कर-ए-तैयबा के उस वीडियो का हवाला दिया जिसमें संगठन ने खुद स्वीकार किया है कि भारत ने उसका मुख्यालय नष्ट कर दिया।

इससे पहले, बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की थी, लेकिन इस बार भारतीय सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

#### पाकिस्तान में मचा हड़कंप

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान और शहबाज सरकार में हड़कंप मचा हुआ है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत की कार्रवाई को युद्ध का कार्य बताते हुए सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इसका जवाब देने का पूरा अधिकार है और वह मजबूत प्रतिक्रिया देगा। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहले अपने बयान में भारत को सबक सिखाने की बात कही, लेकिन शाम होते-होते उनके सुर बदले और एक बयान में उन्होंने कह दिया कि पाकिस्तान इस हमले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगा। इससे पहले उन्होंने भारत पर रात के अंधेरे में कायरतापूर्ण हमला करने का आरोप लगाया था।

वहीं, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत का हमला पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा है। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ करार दिया।

## Operation Sindoor पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सेना के शौर्य को किया सल्यूट- जय हिंद! जय हिंद की सेना!



**लखनऊ।** भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में आंतकियों के 9 ठिकानों पर स्ट्राइक की गई है। बलों ने यह कार्रवाई बुधवार रात की। इसकी जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी। इसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया है। भारतीय सशस्त्र बलों के इस अदम्य साहस और वीरता पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेना को बधाई दी है।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर ऑपरेशन सिंदूर की फोटो शेयर करते हुए लिखा- जय हिंद! जय हिंद की सेना!

सीएम योगी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी। रक्षा मंत्री ने लिखा- भारत माता की जय। भारतीय सशस्त्र बलों के इस जवाब पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा- भारत माता की जय!

#### भारत ने चलाया ऑपरेशन सिंदूर

दरअसल, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को मिसाइलें दागीं। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया है। जानकारी के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की। भारतीय सशस्त्र बलों इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है।

## पहलगाम आतंकी हमले पर सपा नेता का विवादित बयान, केशव प्रसाद मौर्य बोले- भगवान सद्बुद्धि दें



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के नेता लाल बिहारी यादव अपने बयान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सपा नेता लाल बिहारी यादव ने पुलवामा हमले से लेकर पहलगाम हमले को लेकर बड़ा विवादित बयान दे दिया है। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सपा नेता ने कहा कि ये भी पता नहीं पॉलिटिकल ढंग से कराया गया है या किया गया है। ये भी क्लियर नहीं हो रहा है। अब उनके बयान पर यूपी सरकार के उपमुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों तक ने जोरदार पलटवार कर दिया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा और कांग्रेस नेताओं की भाषा असहनीय है।

#### डिप्टी सीएम ने बोला हमला

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के मुखिया से लेकर नेताओं को भगवान सद्बुद्धि दें। जब राष्ट्र की बात आती है तो राजनीति नहीं की जाती है। ऐसी घटिया बयानबाजी करने वालों का इलाज देश की जनता समय पर करेगी। सपा और कांग्रेस नेताओं की भाषा असहनीय है। ये बहुत घाव करने वाली भाषा है। ऐसे लोगों को अच्छे डॉक्टर के पास इलाज के लिए भेजना चाहिए।**

**वहीं, सपा नेता के बयान पर कैबिनेट मंत्री और सुभासपा मुखिया ओपी राजभर ने कहा कि अगर वो इस तरह की बात बोल रहे हैं तो हो सकता है कि हमलावर उनके साथ रहे हों।**

» न्यूज कैप्सूल »

## भारतीय जवानों ने आतंकवादियो को दिया मुंहतोड़ जवाब

### पाकिस्तान के एफ 16 को भारतीय जवानों ने मार गिराया



**महोबा।** भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, निवर्तमान जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता के नेतृत्व के0 पी0 पेट्रोल पम्प गांधी नगर महोबा में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 30 लोगो से अधिक भारतीय नागरिक की मौत हुई थी। जिसमे भारत में सोशल मीडिया के साथ साथ भारत के प्रत्येक वर्ग के नागरिकों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आग्रह किया कि भारत के नागरिकों के खून को भारत वासी वर्दास्त नहीं करेंगे। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने जबावी हमले को लेकर उसी दिन से अपने कैविनेट मंत्रियों के साथ लगातार मीटिंग का दोर जारी रहा गृह मंत्रालय रक्षा मंत्रालय ने सेना के जवानों को लगातार उत्साह वर्धन करते हुए सैनिकों को खुली छूट दी।

सैनिकों ने भारत देश में मारे गए उन 30 भारतीय नागरिकों की मौत का बदला लेते हुए 6 तारीख को रात्रि में पाकिस्तान में आप्रेशन सिंदूर के तहत पाक के एफ 16 को मार गिराया पाक के 5 सीमाओ में जवाबी हमले से 30 से अधिक आतंकी मारे गये मोदी जी पाकिस्तान की सिन्धु नदी पानी को आतंकी हमले के तुरंत बाद पानी को रोक दिया गया था और मोदी जी का इस मुंह तोड़ जवाब से पूरे भारत में खुशी की लहर दोड़ गई लोगो ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर भारतीय सैनिकों, देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी एव भारत सरकार की जम कर सराहना की कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, शशांक गुप्ता संतोष गुप्ता आशीष शुक्ला ईश्वर दयाल दिलीप जैन पंकज गुप्ता नरेन्द्र कुशवाहा दुर्गा प्रसाद गुप्ता जागेश्वर चौरसिया सहित दर्जन भर लोग उपस्थित रहे।

## ट्रांसजेंडर महिला के साथ मारपीट, यौन उत्पीडन एवं जानलेवा हमला करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बीती रात्रि एक ट्रांसजेंडर महिला जो थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत लौड़ी तिगैला के पास अपनी दुकान में मौजूद थी इसी दौरान 4 लडके दुकान में आये और इनसे वाद विवाद हुआ द्य जिस पर लडको द्वारा इनके साथ मारपीट, यौन उत्पीडन एवं जानलेवा हमला कर घटना कारित की गयी द्य प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर में धारा 115(2),110, 140(3), 75, 76,126(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया जिसमें घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी एवं कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित संयुक्त पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान घटना से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त अनूप कुमार पुत्र रामबहादुर राजपूत उम्र 28 वर्ष, सचिन राजपूत पुत्र शत्रुघन उम्र 22 वर्ष, अनुज कुमार पुत्र रामबाबू राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम छिबौली थाना जरिया जिला हमीरपुर, अजय कुमार पुत्र गुमान सिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम औता टोला थाना राठ जिला हमीरपुर को थाना क्षेत्र के काशीराम कालोनी बिच्छू पहाडिया रोड कोतवाली नगर से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया द्य इस दौरान अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार को भी बरामद किया गया है जिसको एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही की गयी है।

## संभावित हवाई हमले को लेकर चित्रकूट में मॉकड्रिल 0 सुरक्षा तैयारियों का परखा गया

**चित्रकूट।** जिले के सीआईसी मैदान में बुधवार सुबह पाकिस्तान से संभावित हवाई हमले की आशंका के मद्देनजर जिला प्रशासन ने एक व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास में सुरक्षा एजेंसियों व सेना के सेवानिवृत्त अफसरों की उपस्थिति रही। मॉकड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखना और आम जनता को सतर्क करना था। सुबह 9 बजे जैसे ही हवाई हमले का सायरन बजा, एसपी अरुण कुमार सिंह, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) उमेशचंद्र निगम, और एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ पड़े। फाइटर जेट्स ने बम गिराने की स्थिति को दिखाया, और इसके बाद फायर ब्रिगेड, बम निरोधक दस्ते और मेडिकल टीमों ने त्वरित प्रतिक्रिया दी। घायल व्यक्तियों को स्ट्रेचर और कंधों के सहारे एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड ने बम से लगी आग को बुझाने में तत्परता दिखाई, जबकि बम निरोधक दस्ते ने बिना फटे पड़े बमों को डिफ्यूज किया।

# डीएम व एसपी की मौजूदगी में पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों द्वारा नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवम् जनमानस को जागरूक करने हेतु कराया गया मॉक ड्रिल



**महोबा।** भारत सरकार उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में आज जनपद के वीरभूमि डिग्री कालेज महोबा में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की मौजूदगी में जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों द्वारा सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल के जरिए नागरिकों को युद्ध/आपात स्थिति के मद्देनजर नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ करने हेतु बचाव का प्रशिक्षण दिया गया द्य प्रशासन ने आपात स्थिति से निपटने के लिए वृहद स्तर पर विभिन्न आयामों को सम्मिलित करते हुए मॉक ड्रिल किया गया द्य जिसमें सिविल पुलिस, पी ए सी, पीआरडी, एनसीसी, एनएसएस, होमगार्ड, फायर सर्विस, आपदा मित्र, भूतपूर्व सैनिक, विद्युत विभाग, चिकित्सकीय टीमों सहित कई संगठन और स्वयंसेवी समूहों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह मॉक ड्रिल युद्धकालीन/अन्य आपात परिस्थिति में नागरिकों को सुरक्षा देने, स्वयं को सुरक्षित रखने, प्राथमिक चिकित्सा देने, हवाई हमले से अलर्ट करने और बिजली आपूर्ति को तत्काल रोककर ब्लैकआउट करने जैसी रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया एवम् उसके उपरांत उसका सम्यक तरीके से अभ्यास भी कराया गया । आपात स्थिति में सायरन बजने पर क्या करना है और क्या नहीं करना है की जानकारी दी गई।

**क्या करें:** स्थानीय प्रशासन, पुलिस या सिविल डिफेंस द्वारा दिये गए निर्देशों को ध्यान से सुनें और उनका कड़ाई से पालन करें।

हवाई हमले या युद्ध का सायरन बजते ही तुरन्त घर के अन्दर चले जाये, सुरक्षित आश्रय या पक्के मकान के बेसमेंट, बाथरूम या सीढ़ियों के नीचे शरण लें। रेडियो या आधिकारिक संचार चैनल सुनते रहें ब्लैकआउट का निर्देश मिले तो घर के बाहर की सभी लाइटें बंद कर दें। यदि कमरें के अन्दर लाईट जलाना आवश्यक है तो इस प्रकार जलाये कि प्रकाश किसी भी दशा में बाहर न जाने पाये। अति महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, भीड़-भाड़ के स्थलों से दूरी बनाकर रखें ये सम्भावित टारगेट हो सकते है। यदि आप सिविल डिफेंस, होमगार्ड, पीआरडी, एनसीसी, एनजीओ आदि से जुड़े है तो अपनी जिम्मेदारियों को समझे तथा पड़ोसियों व समुदाय के साथ मिलकर काम करें ताकि सभी लोग सुरक्षित रहें। पानी, प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च, रेडियो, मोबाइल चार्जर, पावर बैंक, सूखा भोजन और जरूरी दस्तावेज हमेशा पास में रखें । खिड़कियों से दूर रहें, उन्हें ढक दें। बच्चों, वृद्धों, दिव्यांगों और जानवरों की भी मदद करें उन्हे अपने साथ सुरक्षित रहने दें। स्कूल या डे-केयर में पढ़ने वाले बच्चों को वही रहने दे। यदि खुले स्थल पर है तो जमीन पर लेट जाये और अपना सिर हाथ या किसी वस्तु से ढक लें।

हवाई हमले की स्थिति में शांत रहे, भयभीत न हो, सुरक्षित स्थान पर रहें। प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा बताये गये सुरक्षित स्थल व रास्तों की जानकारी रखें, जरूरत पड़ने पर शीघ्र वहां पहुंचे। सभी नागरिक, छात्र आदि सिविल डिफेंस प्रशिक्षण में अवश्य भाग लें तथा आसपास के लोगों को भी प्रशिक्षण हेतु प्रेरित करें। सभी नागरिक, छात्र आदि निकासी योजनाओं की तैयारी और अभ्यास का भी प्रशिक्षण प्राप्त करें। सायरन की आवाज सुनते ही सड़क पर वाहन साइड में लगाकर हेड लाइट व इन्डीकेटर बन्द कर दें। गई।

**क्या न करें:** प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों को अनदेखा न करें । खुले स्थान पर न जाये। सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें।

घर के बाहर प्रकाश न रहें। महत्वपूर्ण व भीड़-भाड स्थलों पर जाने से बचें। अपने दायित्वों/कर्तव्यों को अनदेखा न करें। निर्दिष्ट वस्तुओं को अनदेखा न करें। खिड़कियों को खुला न रखें। किसी की भी उपेक्षा न करें। जल्दवाजी (घबराहट) में बच्चों को स्कूल से लाने का प्रयास न करें। खुले स्थान पर एक साथ खड़े न रहे। घबराये नही तथा अफरा-तफरी से बचें।

असुरक्षित स्थल पर न रहें। सिविल डिफेंस प्रशिक्षण के प्रति उदासीन न रहें। निकलने के प्रशिक्षण से दूर न रहें। वाहन चलाने से बचें।

ब्लैकआउट की स्थिति में कैसे स्थान बदले जाएं, किस दिशा में जाएं और किसे प्राथमिकता दी जाए। इन सभी पर विस्तृत प्रशिक्षण /अभ्यास किया गया । ब्लैक आउट की स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है के बारे में भी बताया गया।

**क्या करें:** सभी लाइटें और बिजली के उपकरण तुरंत बंद करें घर, दुकान, वाहन, मोबाइल की फ्लैशलाइट आदि। इनवर्टर व जनरेटर बंद करें ताकि बाहरी रोशनी समाप्त हो सके। खिड़ड़कियों व दरवाज़ों के परदे बंद करें ताकि रोशनी बाहर न दिखे। वाहन चला रहे हों तो तुरंत किनारे लगाकर बंद कर दें, हेडलाइट और इंडिकेटर बंद रखें। सभी सदस्यों को एक जगह सुरक्षित रखें- विशेष रुप से बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को। रेडियो, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। पड़ोसियों को भी सतर्क करें, विशेषकर अकेले रह रहे लोगों को। जरूरी दवाइयाँ और टॉर्च आदि सामान पहले से तैयार रखें।

**क्या न करें:** ब्लैकआउट के दौरान किसी भी प्रकार की रोशनी जलाना , मोमबत्ती, टॉर्च, लाइटर आदि। बाहर निकलकर सड़क पर घूमना या शोर मचाना। वाहन चालू रखना या उसकी लाइट जलाना। अफवाहें फैलाना या भ्रामक जानकारी शेयर करना सोशल मीडिया पर भी नहीं। बिना आवश्यक कारण के फोन कॉल करना आपात सेवाओं की लाइन व्यस्त न करें। किसी भी संदिग्ध वस्तु को छूना या उठाना। सामूहिक रूप से इकट्ठा होना या भीड़ लगाना। सरकारी निर्देशों की अनदेखी करना।

छात्रों को भी इस मॉक ड्रिल में शामिल किया गया ताकि वह अपने संपर्क के व्यक्तियों को भी जागरूक कर सकें तथा आने वाली पीढ़ी को भी आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान हो सके।

इस मॉकड्रिल के अवसर पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, चिकित्साधिकारी महोबा एवं उनकी प्रशिक्षित टीम, प्रतिसार निरीक्षक सहित सम्बन्धित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## नगर के वर्धमान अल्ट्रासाउंड सेंटर को सीएमओ ने किया सीज, संचालक बोले लेनदेन नहीं किया इसलिए हुई कार्रवाई



**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के मुख्य मार्ग में स्थित मियांपुरा इलाके में संचालित वर्धमान पैथोलॉजी के नाम से अल्ट्रासाउंड सेंटर को आज बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गीतम सिंह ने अपनी स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचकर कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया है।

बता दें कि राठ नगर सहित समूचे हमीरपुर जनपद में स्वास्थ्य विभाग के एक बाबू और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब पूर्णतय: अवैध तरीके से संचालित हैं। हमीरपुर जनपद में संचालित अधिकतर अल्ट्रासाउंड केंद्रो में मानक के अनुरूप डिग्री धारी चिकित्सक नहीं बैठते हैं। तथा कर्मचारी और स्टाफ के लोग ही मरीज का अल्ट्रासाउंड कर देते हैं। आज राठ नगर में वर्धमान अल्ट्रासाउंड सेंटर को स्विच करने के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने बताया कि वर्धमान अल्ट्रासाऊंड सेंटर को अनाधिकृत रूप से संचालित किया जा रहा था। तथा उन्होंने दो बार अल्ट्रासाउंड संचालक को नोटिस भी भेजा है। बताया कि अनधिकृत रूप से अल्ट्रासाउंड संचालित करने की वजह से वर्धमान अल्ट्रासाऊंड सेंटर को सीज किया गया है। वहीं उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि राठ नगर में अन्य कई अल्ट्रासाउंड अवैध तरीके से बिना डॉक्टर के संचालित हैं। तथा किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र में मानक के अनुरूप डिग्री धारी चिकित्सक मौजूद नहीं रहते लेकिन सीएमओ गीतम सिंह ने पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाते हुए केवल उनके अल्ट्रासाउंड सेंटर को सीज किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि लेनदेन ना करने पर उनके अल्ट्रासाउंड सेंटर पर यह कार्रवाई की गई है। आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुछ अल्ट्रासाउंड केंद्रो संचालकों पर जमकर मेहरबानी की जा रही है। और उन्ही अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालकों के कहने पर उनके अल्ट्रासाउंड केंद्र पर सीज की यह पक्षपात पूर्ण कार्रवाई की गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जंगल में लगे बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला महिला का शव, मचा हड़कम्प

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहगांव के जंगल में 45 वर्षीय एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों के चलते बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक महिला की शिनाख्त राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव की निवासी गीता के रूप में हुई है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव की निवासी 45 वर्षीय महिला गीता पत्नी लीलाधर राजपूत जो की रविवार की दोपहर करीब 12ः00 बजे बिना कुछ बताये घर से निकल गई थी। जिसके बाद आज बुधवार को महिला गीता का शव राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहगांव के जंगल में लगे बबूल के पेड़ पर लटकता हुआ मिलने से हड़कम्प मच गया है। मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि मृतका पति लीलाधर पुणे में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक महिला के परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा मृतका के इकलौते पुत्र दिलीप कुमार के अलावा अन्य सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक



### डीएम ने व्यापारियों की समस्याओं को सुन निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को वीरभूमि स्नाकोत्तर महाविद्यालय सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कबरई से महोबा की एनएचएआई सड़क, बिजली पेयजल सहित तमाम मुद्दों को मुख्य रुप से रखा गया, जिस पर डीएम ने संबन्धित अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। वहीं व्यापारियों ने शहर की पुरानी गल्ला मंडी के पुन: निर्माण कराए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में व्यापारियों द्वारा मुख्य रूप से कबरई से महोबा के बीच खराब एनएचएआई की रोड, पड़ोसी मध्य प्रदेश राज्य से अवैध खनिजों के परिवहन तथा कस्बा कबरई में पेयजल की समस्या से डीएम को रुबरू कराया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई परियोजना निदेशक, वरिष्ठ खान अधिकारी तथा जल निगम नगरीय को आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय पर करने के निर्देश दिए गए। शहर से सटे हुए ग्राम शाहपहाड़ी व रैपुरा क्षेत्र की नई औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध बिजली आपूर्ति का प्रकरण भी उद्यमियों द्वारा जोर शोर से उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

व्यापार बंधु से संबंधित प्रकरणों में पुरानी गल्ला मंडी के पुनर्निर्माण, राठ चुंगी पर रोड की खराब स्थिति तथा रामकथा मार्ग व डीएवी इंटर कॉलेज के पास विद्युत पोलों की समस्या रखी गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय के अंदर कार्यवाही करने के निर्देश डीएम द्वारा दिये गये। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग विभाग द्वारा किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियो के अलावा राम किशोर सिंह, देवेंद्र मिश्रा, भागीरथ नगाइच, रामजी गुप्ता आदि उद्यमी व्यापारी मौजूद रहे।

## सचिव- प्रधान ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करायें: एसडीएम

**चरखारी (महोबा)।** विकास खण्ड सभागार में एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्य से सम्बंधित बिंदुओं पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार ने ग्राम पंचायत सचिवों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करायें वहीं कहा कि गांव के तालाबों की मनरेगा से खुदाई कराकर जलागम करायें ।

एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री, फेमिली आईडी, राशनकार्ड , ई-केवाईसी, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, मनरेगा गो आश्रय गोशाला संचालन में सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।



एसडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत रिवई बम्हौरी कलां, गौरहारी, सूपा में ग्राम समाज की अतिक्रमण से खाली कराई गई भूमि को पंचायत अपने कब्जे में लेकर चारागाह के लिए सुरक्षित करें। बीडीओ विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, पेयजल आपूर्ति सड़क, आवास, पर जानकारी दी।

एडीओ नीतेंद्र सिंह सेंगर ने मनरेगा, योजना में सम्बंधित गांवों के विकास कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी, एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा, एडीओ समाज कल्याण शेख नदीम, युवा कल्याण अधिकारी अमर सिंह,सचिव रमेश गुप्ता, हरबंश सिंह,राहुल पाठक, रोहित गुप्ता शुऐब दुर्रानी,शादाब रजा खान, आदित्य सिंह, सुहेल दुर्रानी,सतीश वर्मा, शिवांक यादव स्वाति रिछारिया, रोहित गुप्ता, जीतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहें।

### चलते वाहनों से जेवरात चोरी करने वाली गैंग सक्रिय

## भुक्तभोगी महिलाओं ने दो घटनाओं का किया पर्दाफाश' दोनों घटना में दबोचे गए अभियुक्त

**चरखारी (महोबा)।** मुस्करा चरखारी मार्ग पर इन दिनों महिलाओं के बेग' अटैचियों आदि से नगदी व जेवरात चोरी करने वाली गैंग सक्रिय हैं हालांकि दो अलग अलग घटनाओं में भुक्तभोगी महिलाओं ने ही सक्रियता दिखाते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार भी कराया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पत्नी महेश कुमार निवासी कुलखेड़ा' फतेहपुर अपने मायके में एक विवाह सम्मेलन में अपनी मासूम पुत्री को लेकर अकेले ही सफर कर रही थी और मुस्करा से खरेला के रोडवेज बस में मुस्करा में सवार हो रही थी तभी तीन युवकों ने महिला का सहयोग करते हुए उसका सारा सामान बस में उतरवाया और महिला के बेग आदि अपने करीब ही बस मे रख लिए। अभियुक्तों ने बस में मुस्करा से खरेला का टिकिट बनवाया लेकिन अचानक तीनों बदमाश बसौठ में ही उतरने लगे जिस पर महिला को शक हुआ और इस बीच दो युवक बस से उतर गए जबकि तीसरे को महिला ने दबोच लिया। माजरा देख बस मे सवार सवारियों ने भी दबोचे गए बदमाश की जमकर धुनाई की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बदमाश को हिरासत में लिया। महिला द्वारा अपने सामान की तलाशी की गई तो बेंदी' नथनी' बिछिया' हाफ पेटी' अंगूठी' कमरबंद' मंगलसूत्र' पायल गायब थी और एस आई एसआई राकेश शर्मा ने पकड़े गए अभियुक्तों की तलाश की तो मांग बेंदी' एक अंगूठी' लाकेट दो जोड़ी बिछिया महिला का आधारकार्ड' बैंक की पासबुक बरामद हुई। जबकि दो अभियुक्तों की पुलिस तलाश कर रही है।

## शादी का झांसा देकर महिला के साथ अवैध संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने का मामला सामने आया है। पी?िता के अनुसार, आरोपी धीरेन्द्र उर्फ गोलू पटेल ने शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। इस पर पी?िता ने रैपुरा थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

» न्यूज कैप्सूल »

## न्यायालय में आरोपी को हुई पांच वर्ष की सजा

### मारपीट कर धारदार हथियार से घायल करने का था आरोप

**उरई।** युवती के साथ मारपीट व धारदार हथियार से हमलाकर घायल करने के मामले में आरोपी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने दोष सिद्ध हो जाने पर फैसला के साथ 6 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार गुर्जर व वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर दीक्षित ने बताया कि हाथरस जनपद के गांव नगला शिकंदरा राव निवासी जरीना ने गोहन थाना पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री रीना मेले में काम करती थी। 20 फरवरी 2023 को उसकी पुत्री गोहन क्षेत्र के सरावन में लगने वाले मेले में काम करने आई थी। मेले में रामपुर जिले का निवासी आरिफ भी काम करता था। मेले में नाच गाना चल रहा था उसी दौरान आरिफ आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसकी पुत्री ने गाली देने से मना किया, तो उसने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पुत्री घायल हो गई थी। पुलिस ने युवक के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया था। जिसका मामला न्यायालय में ट्रायल पर चल रहा था।कोर्ट में चले ट्रायल के बाद बुधवार को सुनवाई पूरी हुई। जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अपर जिला जज भारतेंद्र सिंह ने आरिफ को जानलेवा हमला में दोषी पाते हुए पांच साल की सजा सुनाई। बल्कि 6 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## जुआ खेलते चार जुआरी गिरफ्तार

**रामपुरा।** जंगल में हजारों रुपए से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

रामपुरा थाना क्षेत्र में निनावली रोड पर कारसदेव मंदिर के पास मल्लाहनपुरा वाले रास्ते पर जंगल में हजारों रुपए से हार जीत की बाजी लगाकर आए दिन जुए का फड सजाया जा रहा था। जिसकी भनक मुखबिर द्वारा पुलिस के कानों में पड़ गई। भनक लगते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव, उप निरीक्षक रामकिशोर कांस्टेबल विपिन कांस्टेबल विपिन यादव सहित पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दिया। जहां पर जुए के फड की घेराबंदी कर कर जुआ खेल रहे चार जुआरी राहुल पुत्र दिनेश खटीक, रवि पुत्र ठकुरी, मनोज पुत्र राम प्रकाश, विनोद पुत्र दयाराम निवासीगण रामपुरा को पकड़ लिया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ रुपया 23 सौ व जामा तलाशी में रुपया 1290 कुल 3590 रुपया बरामद किए गए। पुलिस ने उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की है।

## मानिकपुर की रमपुरिया आदिवासी बस्ती में अवैध खनन की रातभर हुई करतूत

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर क्षेत्र की रमपुरिया आदिवासी बस्ती में रातभर अवैध खनन किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आदिवासी समाज के लोगों का आरोप है कि खनन माफियाओं ने न सिर्फ रातभर मिट्टी की खुदाई की, बल्कि उनकी कुलदेवी के पूजास्थल को भी नहीं बख्शा। इससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। घटना की जानकारी मिलते ही मानिकपुर तहसीलदार मनोज सिंह मौके पर पहुंचे। उनके साथ सैक?ों ग्रामीण और मानिकपुर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मांग की कि आदिवासी आस्था पर हमला करने वाले खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए और एफआईआर दर्ज हो। इस पूरे प्रकरण पर मानिकपुर एसडीएम का कहना है कि रेलवे दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत ठेकेदारों को मिट्टी खुदाई के लिए पट्टे आवंटित किए गए थे। ग्रामवासियों की शिकायत पर रमपुरिया बस्ती में तहसीलदार द्वारा मौके पर जांच कराई गई। जांच में कुछ स्थानों पर वैध खुदाई मिली, लेकिन कुछ जगहों पर अनियमितताएं भी सामने आई हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल खनन कार्य पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया गया है।

# पहलगाम हमले पर पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब की सराहना

### भाजपा की बैठक आयोजित, एक राष्ट्र, एक चुनाव पर चर्चा



**बरुआसागर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने %एक राष्ट्र, एक चुनाव% के विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी उपस्थित रहे 7 मंच पर अमरसिंह कुशवाहा, रुपेश नायक (मंडल अध्यक्ष), बालमुकुंद अग्रवाल और अनिल पाठक भी उपस्थित रहे 7 मुख्य अतिथि बाबूलाल तिवारी ने कार्यकर्ताओं को %एक राष्ट्र, एक चुनाव% के उद्देश्य और इसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने इस पहल के लाभों पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव देश में चुनावी सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य समय और संसाधनों की बचत करना है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार देश के हित में है। यह न केवल चुनावी खर्च को कम करेगा, बल्कि सरकार को विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में भी मदद करेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए हमले पर भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए मुंहतोड़ जवाब ऑपरेशन सिन्दूर की भी सराहना की।। कार्यक्रम में,उद्धव दीक्षित, तुलसी कुशवाहा, विनोद पुरोहित, श्यामाचरण बिरथरे, कैलाश नारायण कौशिक, संदीप बिरथरे, अनुभव चतुर्वेदी (मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा), ललित कुशवाहा, ओमी कुशवाहा, मृदुल तिवारी, सतेंद्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र तिवारी, राजकिशोर आचार्य, ओमप्रकाश पार्षद, राजू कुशवाहा प्रधान, निशांत नायक, पवन कुशवाहा हरपुरा, प्रदीप रायकवार, देवेंद्र बाजपेई, संतोष मिश्रा, राजेश कुशवाहा पार्षद, शिवम नापित, करन सेन, प्रथम श्रीवास्तव, प्यारेलाल रायकवार, राघवेंद्र सेन, वीरू अहिरवार, संतोष कुमार पार्षद, विजय दुबे देवरी, प्रदीप कुशवाहा, मलखान प्रधान, बलवान सिंह,अंजुल पुरोहित, बल्ली कुशवाहा (प्रधान), मीनू राजावत,गायत्री पुरोहित , पार्वती रायकवार , कमला सोनी , मंजूलता अग्रवाल , उर्मिला साहू , पूनम कुशवाहा व अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे 7 कार्यक्रम का संचालन शिवम अग्रवाल ने किया, अध्यक्षता और आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ने किया।

# स्टूडियो ऑन व्हील्स पर समझा एक्सन टेसा बोर्ड की खासियत



**झांसी।** एक्सन टेसा कंपनी ने प्रदेश के लोगों को प्लाई बोर्ड, डोर सहित अन्य फर्नीचर उत्पादों की खासियत बताने के लिए स्टूडियो ऑन व्हील ने झोंकन बाग स्थित समाधान कार्यालय सदर विधायक रवि शर्मा द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया।एलईडी डिस्प्ले द्वारा लाइव एचडीएचएमआर बोर्ड, पार्टिकल बोर्ड, एम्बोज्ड एचडीएफ बोर्ड, एमडीएफ बोर्ड, एक्रेलिक हाईग्लास बोर्ड, एचडीएचएमआर बोर्ड एवं डोर सहित अन्य फर्नीचर उत्पादों की खासियत दिखाई गयी। उपस्थित लोगों ने भी इन उत्पादों की इतनी सटीक जानकारी प्राप्त कर स्टूडियो ऑन व्हील्स की प्रशंसा की।

कंपनी के सीनियर रीजनल मार्केटिंग हेड श्री अमिताभ घोषाल, सीनियर एरिया सेल्स मैनेजर श्री रवि कुमार सहगल, सीनियर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव आशीष कुमार कमल , एरिया सेल्स मैनेजर विकास गोस्वामी ने लोगों को इन उत्पादों के बारे में विस्तार से बताया। एक्सन टेसा कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर जय अंबे प्लाईवुड से हर्ष मंगतानी जी ने आभार व्यक्त किया।

# बबीना में मुठभेड़: दो शातिर चोर गिरफ्तार, एक घायल



### हथियार, चोरी का माल और नकदी बरामद

**बबीना।** थाना बबीना क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से एक को गोली लगने से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चर्च रोड तिराहा, मनकुआं के पास हुई।

पुलिस के अनुसार सुबह लगभग 6 बजे संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान बिना नम्बर की बजाज बाइक पर सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध जंगल की ओर भागने लगे और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश आशिक राजपूत (25 वर्ष), निवासी बुढ़पुरा थाना बबीना, के पैर में गोली लग गई। दूसरा बदमाश धर्मेन्द्र राजपूत (45 वर्ष), निवासी करगुवां थाना चिरगांव, को दबोच लिया गया।

पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, तीन खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, मनकुआ सोलर प्लांट से चोरी किया गया तांबे का तार, बिना नम्बर की बाइक और 4500 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पर झाँसी जनपद के विभिन्न थानों में क्रमशः 22 और 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही, बबीना थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी द्वारा दोनों अभियुक्तो पर ड़15-15 हजार का इनाम घोषित था।पुलिस ने धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# डिवाइडर फांदकर ट्रक में घुसी कार, 6 लोगों की मौत, दो गंभीर

### बहराइच से बेंगलुरु जा रहे थे सभी लोग, चालक को झपकी आने से हुआ हादसा



**उरई।** कोतवाली क्षेत्र में वुधवार की सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर जा रही तेज रफ्तार कार चालक को झपकी आने के कारण डिवाइडर फांदकर ट्रक में घुस गई। जिससे कार पर सवार मासूम सहित एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

बताया गया कि मोतीपुर जिला बहराइच से कार पर सवार होकर चालक सहित एक ही परिवार के आठ लोग बेंगलुरु जाने के लिए निकले थे। जैसे ही कार उरई क्षेत्र में कानपुर झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के समीप पहुंची। तभी चालक को अचानक झपकी आ गई। झपकी आने से कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से टकराती हुई, सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए और हादसे में कार चालक बृजेश पुत्र शिव प्रसाद, प्रीति पत्नी ब्रजेश, संगीता पत्नी अंकित, सिद्दीका पुत्री अंकित, अत्ताशए पुत्र बृजेश की मौके पर मौत हो गई, जबकि हादसे में अंकित (पुत्र चिंता राम, मानवी पुत्री बृजेश, और मंदा पुत्री जमुना प्रसाद घायल हो गए। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि एक ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने कार में फंसे शवों को गैस कटर के जरिए बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विश्व अस्थमा दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा आकांक्षा ने पाया प्रथम स्थान




**उरई।** विश्व अस्थमा दिवस पर बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में भारतीय बाल रोग अकादमी की शाखा एवं बाल रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानाचार्य प्रो. अरविंद त्रिवेदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य ने अस्थमा से बचाव के बारे में अपने सुझाव दिए है। प्रोफ़ेसर चौधरी ने बताया कि हमें अपने बच्चों को खाने पीने की दवाओं की जगह पर साँस के रास्ते से देने वाली दवाएँ, जैसे इन्हेलर से दवा देना ज़्यादा उचित होता है। इसके उपरांत एमबीबीएस छात्रों द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिस प्रतियोगिता में छात्रा आकांक्षा प्रथम, कविता द्वितीय एवं मयंक तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर छवि जयसवाल ने किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर आर एन कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशांत निरंजन, बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर जी एस चौधरी, डॉक्टर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ चरक सांगवान, डा छवि जयसवाल, डॉक्टर संतोष लोधी, डॉक्टर अनुरोध राजपूत, बॉल रोग विभाग के समस्त जूनियर चिकित्सक, एमबीबीएस के छात्र छात्राएँ तथा मरीज़ों के परिजन उपस्थित थे।

# आकस्मिक परिस्थितियों को लेकर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

### प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और राहत टीमों ने दिखाई तत्परता, नागरिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**उरई।** आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की प्रशासनिक तैयारियों को परखने और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज में एक विशाल मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस अभ्यास में जनपद के सभी प्रमुख विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। ड्रिल की शुरुआत पुलिस लाइन, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, उर्वशी सिंथेटिक लिमिटेड, अंकित कोल्ड स्टोरेज और पूंडरी कोल्ड स्टोरेज में अलर्ट सायरन बजाकर की गई। सायरन की आवाज सुनते ही लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भेजा गया।इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि आकस्मिक परिस्थितियों में किस प्रकार संयम और सावधानी बरतनी चाहिए। मौके पर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एडीएम संजय कुमार, एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, सीओ अर्चना सिंह, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा सहित पुलिस, फायर ब्रिगेड व स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अपनी उपस्थिति और तत्परता दर्ज कराई। इसके पश्चात मॉक ड्रिल की उपयोगिता और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। फायर फाइटिंग टीम ने आग लगने की स्थिति में राहत और बचाव का अभ्यास भी किया। जिसमें एनएसएस, एनसीसी और रिटायर्ड आर्मी एसोसिएशन के सदस्य भी शामिल रहे। इस अवसर पर डीएम ने बताया कि सिविल डिफेंस कानून को भारत की संसद ने पारित किया था। इसे 1968 में नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के रूप में जाना जाता है। यह अधिनियम मई 1968 में संसद द्वारा पारित किया गया था और 10 जुलाई 1968 से पूरे भारत में लागू किया गया था। यह अधिनियम नागरिक सुरक्षा के लिए प्रावधान करता है, यह नागरिक सुरक्षा के लिए एक संगठित बल स्थापित करता है। यह अधिनियम युद्ध या अन्य आपात स्थितियों के दौरान नागरिकों, संपत्ति, स्थानों और चीजों की सुरक्षा के लिए उपाय प्रदान करता है।

# डीएम ने हर घर जल परियोजना की धीमी प्रगति पर लगाई फटकार

### कलराइजेशन युक्त पानी देने व कार्यदायी संस्थाओं को जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं मेसर्स जीबीपीआर लिमिटेड और मेसर्स बीजीसीसी लिमिटेड को निर्देश दिए कि मैनपावर बड़ाकर कार्यों को हर हाल में पूरा किया जाए।उन्होंने कहा कि जहां नियमित जलापूर्ति हो रही है, उन गांवों में जल्द से जल्द हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। साथ ही, जल रिसाव की समस्याओं वाले क्षेत्रों में विशेष टीम गठित कर त्वरित मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाए। ताकि प्रत्येक घर को स्वच्छ एवं नियमित जल आपूर्ति मिल सके। जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों को कार्यों की गति बढ़ाने हेतु मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को आदेशित किया कि वे गांवों में जल कनेक्शन, जल का दबाव, अंतिम छोर तक आपूर्ति, क्लोराजेसन तथा रिसाव की स्थिति का भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि दूषित पानी होने पर सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अंचल गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम जितेंद्र नाथ, द्वितीय महेन्द्र नाथ भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## संपादकीय

# मॉक ड्रिल को लेकर मीडिया की सक्रियता

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों को अलर्ट रहने के लिए कहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच कभी भी युद्ध हो सकता है। इसको देखते हुए 1971 के बाद पहली बार देश में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। 7 मई को देश के अधिकांश जिलों में नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन स्थिति में कैसे सुरक्षित हो सकते हैं। इसको लेकर व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हवाई हमले की चेतावनी सायरन के माध्यम से दी जाएगी। इस चेतावनी का मुकाबला नागरिकों को किस तरह से करना है। इसकी जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों को भी इस प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। हवाई हमले की स्थिति में तुरंत किस तरह से ब्लैक आउट किया जाएगा। महत्वपूर्ण स्थलों को किस तरीके से छुपाया जाएगा। हवाई हमले से यदि कोई नुकसान होता है, तो निकासी की क्या व्यवस्था होगी। सुरक्षा की क्या व्यवस्था होगी। इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक जिले के अग्निशमन विभाग के अधिकारी किस तरह से राहत पहुंचाने का काम करेंगे, नियंत्रण कक्ष किस तरह से लोगों को सूचना देंगे और उनको राहत पहुंचाने का काम करेंगे। युद्ध की स्थिति में बंकरों और खाइयो का निर्माण सीमावर्ती जिलों में किस तरह से किया जाएगा। इसका प्रशिक्षण युद्ध की स्थिति में नागरिक सुरक्षा की योजनाओं को किस तरह से संचालित किया जाना है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन, पुलिस और संबंधित एजेंसियों को पूर्व अभ्यास कराया जाएगा। 1971 के बाद कभी भी भारत में इस तरीके की स्थिति नहीं बनी थी। 2025 में युद्ध की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा, संपत्ति और महत्वपूर्ण स्थलों को बचाने के लिए यह प्रशिक्षण जरूरी है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए 7 मई का दिन निश्चित किया है। जब देशभर के अधिकांश जिलों में विशेष रूप से जो पाकिस्तान से लगे हुए सीमावर्ती राज्य हैं। उन राज्यों के सभी जिलों में बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस तरह की स्थितियां भारत और पाकिस्तान के बीच में बनी हैं, उसको देखते हुए यह सतर्कता जरूरी थी। 55 साल की उम्र तक के लोगों ने युद्ध में किस तरह से बचाव करना होता है, यह उनकी जानकारी में नहीं है। जो लोग 55 साल की उम्र से ज्यादा के हैं उन्होंने जरूर 1962, 1965 और 1971 के दौरान हुए युद्ध में युद्ध के दौरान किस तरह से सुरक्षित रहा जा सकता है। इसकी जानकारी उन्हें है। केंद्र सरकार ने जो प्रशिक्षण देने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया है। यह सतर्कता नागरिक सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। जिस तरह से इस मॉक ड्रिल का टेलीविजन चैनलों द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, उसको लेकर एक धारणा यह भी बनने लगी है। युद्ध के दौरान कोई भी देश इस तरह के प्रचार-प्रसार से बचता है। भारत का नेशनल मीडिया सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियों को जिस तरह से टेलीविजन चैनल में कर रहा है, यदि युद्ध होता है तो उससे भारत को नुक्सान होना तय है। भारत का नेशनल टेलीविजन मीडिया जिस तरह से तकनीकी युद्ध में उपयोग आने वाले उपकरण, सैन्य सामग्री और किस तरह की व्यवस्था सेना द्वारा की गई है, उसको सार्वजनिक किया जा रहा है।. यह स्थिति आश्चर्यचकित करने वाली है। जब युद्ध होता है तो ऐसी स्थिति में हम अपनी जानकारी को छुपाते हैं। युद्ध की दशा में हम दुश्मन देश के ऊपर किस तरह से वार करेंगे और किस तरह से युद्ध में अपनी सुरक्षा करेंगे, इसका प्रचार-प्रसार इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो वर्तमान में हो रहा है। नेशनल टेलीविजन मीडिया जिस तरह से मॉक ड्रिल का प्रोपेगेंडा कर रहा है, युद्ध के समय हम देश की आंतरिक स्थितियों को सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में घर बैठे दुश्मन देश को उपलब्ध करा रहे हैं। इससे युद्ध के दौरान भारत को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय को इस दिशा में टेलीविजन मीडिया पर लगाम लगाने की जरूरत है। टेलीविजन मीडिया जिस तरह से दुश्मन देश को भारत की आंतरिक जानकारी देते हुए बड़े-बड़े दावे कर रहा है। यह देश के हित में नहीं है। इस बात का ध्यान रखे जाने की जरूरत है। वास्तव में भारत और पाकिस्तान के बीच में यदि युद्ध होता है तो नेशनल टेलीविजन मीडिया का यह कृत्य स्वीकार करने योग्य नहीं है। सरकार यदि दुश्मन देश को डराने के लिए इस तरह का प्रचार-प्रसार करा रही है, तो बात अलग है। करीब 55 साल के बाद भारत में युद्ध की स्थिति बनी है। ऐसी स्थिति में हमें सभी मोर्चे पर विशेष सतर्कता बरतनी होगी। जनता भी युद्ध में अपनी भूमिका का निर्वाह अच्छे तरीके से कर पाए, इसके लिए आम नागरिकों को भी प्रशिक्षित किया जाना जरूरी है। अनावश्यक प्रचार-प्रसार से बचा जाना चाहिए, वर्तमान स्थिति में यही कहा जा सकता है।

– सनत जैन

## राज काज

### युद्ध की आशंका और देश अलर्ट पर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में जंग की आशंका बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि अब भारत सरकार ने आतंकवाद और उसे पालने वालों को माकूल जवाब देने के साथ ही देश में भी सुरक्षात्मक कदम उठाने की कबायद तेज कर दी है। इसके चलते देशभर में 7 मई को एक बड़ा मॉक ड्रिल (सुरक्षा अभ्यास) आयोजित किया जा रहा है, जो 1971 के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। देशभर में होने जा रहे बड़े स्तर के इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी संभावित युद्ध या आतंकी हमले के समय सतर्कता बरतने और बचाव व राहत के उपायों की जानकारी उपलब्ध कराना है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में जानकारी दे दी है और कहा है कि यह ड्रिल देश के प्रमुख जलिों में एक साथ किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गईं और कहा गया कि इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सीखने की जरुरत है, ताकि हर समय सुरक्षित रहा जा सके।

### यूएनएससी से खाली हाथ लौटे पाक का हाल


पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। एक तरफ पाकिस्तान लगातार सीजफायर उल्लंघन करता नजर आ रहा जिसका भारत माकूल जवाब भी दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने यूएनएससी से बैठक की मांग करते हुए भारत को बदनाम करने की भी भरसक कोशिश की है। हद यह रही कि पाकिस्तान के कहने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बंद कमरे में बैठक भी बुला ली गई। बैठक में पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठ फैलाने और कश्मीर मुद्दे को उठाने का काम किया। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पाकिस्तान से जो सवाल किए, उनसे वह भागता नजर आया।

### राहुल गांधी की मेहनत रंग लाई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मेहनत अब रंग लाती दिख रही है। दरअसल एक तरफ जहां केंद्र ने जातिगत जनगणना को मान लिया है तो वहीं दूसरी तरफ आतंकी हमले को लेकर उन्होंने सरकार को फ्री हेंड सपोर्ट देकर देश व देशवासियों के प्रति अपनी उत्तम भावनाओं को भी उजागर कर दिया है। इसके साथ ही राहुल गांधी हरियाणा के करनाल पहुंचे, जहां उन्होंने आतंकवादी हमले में शहीद हुए नेवी के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से मुलाकात की और शहीद नरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक जताया। यहां बताते चलें कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी हिमांशी भी थीं, जिन्होंने हमले की भयावहता को उजागर किया। इस हमले के बाद राहुल गांधी बराबर केंद्र को कांग्रेस के सहयोग की बात कह रहे हैं और हमले के प्रभावितों का दु:ख बांटने का काम कर रहे हैं। आतंकी हमले के बाद हिमांशी ने कहा था कि मेरे पति ने देश के लिए बलिदान दिया, नफरत फैलाने के लिए नहीं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को धार्मिक या जातीय रंग न दिया जाए।

# भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक हैं टैगोर


योगेश कुमार गोयल


रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर विशेष

कोलकाता में साहित्यिक माहौल वाले कुलीन धनाढ्य परिवार में 7 मई 1861 को जन्मे रवीन्द्रनाथ टैगोर एक कवि, उच्च कोटि के साहित्यकार, उपन्यासकार और नाटककार के अलावा संगीतप्रेमी, अच्छे चित्रकार तथा दार्शनिक भी थे। टैगोर एशिया के प्रथम ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 1913 में विश्वविख्यात महाकाव्य 'गीतांजली' की रचना के लिए साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था। हालांकि उन्होंने यह पुरस्कार स्वयं समारोह में उपस्थित होकर ग्रहण नहीं किया था बल्कि ब्रिटेन के एक राजदूत ने यह पुरस्कार लेकर उन तक पहुंचाया था। नोबेल पुरस्कार में मिले करीब एक लाख आठ हजार रुपये की राशि टैगोर ने किसानों की बेहतरी के लिए कृषि बैंक तथा सहकारी समिति की स्थापना और भूमिहीन किसानों के बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल बनाने में इस्तेमाल की। टैगोर की महान रचना 'गीतांजली' का प्रकाशन वर्ष 1910 में हुआ था, जो उनकी 157 कविताओं का संग्रह है। इसी काव्य संग्रह को बाद में दुनिया की कई भाषाओं में प्रकाशित किया गया। मार्च 1913 में लंदन की मैकमिलन एंड कंपनी ने इसे प्रकाशित किया और 13 नवम्बर 1913 को नोबेल पुरस्कार की घोषणा से पहले इसके दस संस्करण छापे गए। टैगोर की कुछ कविताएं तो बांग्लादेश के स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा भी हैं। जहां तक भारत के राष्ट्रीय गीत 'जन गण मन' की बात है कि इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के दूसरे दिन का काम शुरू होने से पहले 27 दिसम्बर 1911 को पहली बार गाया गया था। हालांकि उस दौरान इस बात को लेकर भी कुछ विवाद चला कि कहीं उन्होंने यह गीत अंग्रेजों की प्रशंसा में तो नहीं लिखा लेकिन इसके रचयिता टैगोर ने स्पष्ट करते हुए कहा था कि इस गीत में वर्णित 'भारत भाग्य विधाता' के केवल दो ही अर्थ हो सकते हैं, देश की जनता या फिर सर्वशक्तिमान ऊपर वाला, फिर चाहे उसे भगवान कहें या देव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा रवीन्द्र नाथ टैगोर राष्ट्रीयता, देशभक्ति, तर्कशक्ति इत्यादि विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग राय रखते थे लेकिन दोनों एक-दूसरे का बहुत सम्मान भी किया करते थे। साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार मिलने के बाद टैगोर को गांधीजी ने ही सर्वप्रथम 'गुरूदेव' कहा था जबकि गांधीजी को महात्मा की उपाधि टैगोर ने दी थी। उन्होंने 12 अप्रैल 1919 को गांधीजी को 'महात्मा' का सम्बोधन करते हुए एक पत्र लिखा था, उसके बाद ही गांधीजी को महात्मा कहा जाने लगा।

मात्र आठ वर्ष की आयु में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी पहली कविता लिखी थी और 16 वर्ष की आयु में कहानियां तथा नाटक लिखना शुरू कर दिया था। बैरिस्टर बनने के सपने के साथ वह 1878 में इंग्लैंड चले गए थे लेकिन दो ही वर्ष बाद डिग्री लिए बिना ही भारत लौट आए। 1901 में सियालदह छोड़कर पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शांतिनिकेतन में आने के बाद रवीन्द्रनाथ टैगोर ने वहां प्रकृति की गोद में खुले प्राकृतिक वातावरण में वृक्षों, बगीचों और एक लाइब्रेरी के साथ केवल पांच छात्रों के साथ छोटे से 'शांतिनिकेतन स्कूल' की स्थापना की, जो 1921 में 'विश्वभारती' नाम से एक समृद्ध विश्वविद्यालय बना।। 1919 में उन्होंने शांतिनिकेतन कला के एक स्कूल 'कला भवन' की भी नींव रखी, जो दो साल बाद विश्वभारती विश्वविद्यालय का हिस्सा बन गया। शांतिनिकेतन में ही गुरूदेव ने अपनी कई साहित्यिक कृतियां लिखी और यहां मौजूद उनका घर आज भी ऐतिहासिक महत्व का है। उनका ज्यादातर साहित्य काव्यमय रहा और अनेक रचनाएं गीतों के रूप में प्रसिद्ध हैं। 1880 के दशक में उन्होंने कविताओं की कई पुस्तकें प्रकाशित की और 1890 में 'मानसी' की रचना की।

कविता, गान, उपन्यास, कथा, नाटक, प्रबंध, शिल्पकला इत्यादि साहित्य की शायद ही ऐसी कोई विधा है, जिसमें उनकी रचना न हो। उनकी प्रमुख रचनाओं में गीतांजली, गीताली, गीतिमाल्य, कथा ओ कहानी, शिशु, शिशु भोलानाथ, कणिका, क्षणिका, खेया हैमांति, क्षुदिता, मुसलमानिर गोल्पो आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कई किताबों का अनुवाद अंग्रेजी में किया, जिसके बाद उनकी रचनाएं पूरी दुनिया में पढ़ी और सराही गई। उपन्यास में गोरा, चतुरंगा, नौकादुबी, जोगजोग, घारे बायर, मुन्ने की वापसी, अंतिम प्यार, अनाथ इत्यादि गुरूदेव के कुछ प्रमुख उपन्यास हैं। इनके अलावा काबुलीवाला, मास्टर साहब, पोस्टमास्टर इत्यादि उनकी कई कहानियों को भी बेहद पसंद किया गया। अपने जीवनकाल में गुरूदेव ने करीब 2230 गीतों की रचना की और बांग्ला साहित्य के जरिये भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान डाली। अपनी अधिकांश रचनाओं में उन्होंने इंसान और भगवान के बीच के संबंधों तथा भावनाओं को उजागर किया। सही मायनों में गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर मानवता के मुखर पैरोकार थे। उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, चीन सहित दर्जनों देशों की यात्राएं की।

# सवाल नीयत का : पाक कर रहा हदें पार : जंग के आसार....!


ओमप्रकाश मेहता

हमारे पहलगांव में पाकिस्तान द्वारा की गई जंग की पहल के बाद फिर एक बार भारत-पाक के बीच जंग के हालात बनते नजर आ रहे हैं, एक पखवाड़े पूर्व पाकिस्तानियों ने पहलगांव में घुसकर दो दर्जन से अधिक निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी और तभी हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने पाक को सबक सिखाने का संकल्प ले लिया था। जिसकी पूर्ति किसी भी समय संभव है, अब सीमा पर आसार कुछ ऐसे बन रहे है कि कभी भी जंग शुरू हो सकती है। किंतु यहां विशेष जानकारी के तथ्य यह है कि पाक यह जुर्रत जरूर कर रहा है किंतु उसने कभी भी 'आत्मनिरीक्षण' नही किया, भारत विरोधी देशों के उकसावे पर वह बिना कुछ सोचें-समझे युद्ध के मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि वह भारत की सैन्य शक्ति के सामने कभी नही टिक सकता, फिर आज मोदी की विश्वव्यापी लोकप्रियता और धमक इतनी है कि कोई भी देश इस जंग में खुलकर पाकिस्तान का साथ नही दे सकता।

आज पाक की वास्तविकता यह है कि वह नब्बे घण्टे से ज्यादा जंग कर ही नही सकता। उसके पास गोला बारूद तो है नही और परमाणु बम की धमकी दे रहा है, आर्थिक लालच में अभी कुछ ही दिन पहले अपने सभी महत्वपूर्ण हथियार युक्रेन को बैच चुका है। अब उसके स्वयं के पास कोई हथियार नही है, हथियारों को बैंचकर उसने अपनी आर्थिक मजबूती के प्रयास किए है, अब उसके पास अपनी स्वयं की रक्षा के लिए हथियार शेष नही बचे है। इसके बावजूद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लगातान फायरिंग जारी रखे हुए है।

अब वह लगातार चार दिन भी युद्ध जारी रखने की स्थिति में नही है, उसके पास रॉकेट तथा तोप-गोलों की भारी कमी है, एक ओर जहां पाक की यह स्थिति है, वही भारत में पाक को माकूल जवाब देने की जबरदस्त तैयारी है, हालात को देखते हुए भारतीय सेना की सभी तरह की छुट्टियां निरस्त कर दी गई है, अब भारतीय सेना को सिर्फ और सिर्फ ''ग्रीन सिग्नल'' का इंतजार है, वह मिलते ही सेना अपना शौर्य दिखाना शुरू कर देगी और कुछ ही घण्टों में पाक सेना को अपनी 'दुम' दबाकर भागना पड़ेगा। अब पूरे विश्व के देश इसी प्रश्न का उत्तर खोजने में व्यस्त हो गए है कि ''अब कैसे निपटेगा पाक''? सवाल यह है कि वह ''निपटेगा'' या ''निबटेगा''? इसी बीच भारत के प्रधानमंत्री जी ने ठान लिया है कि- ''पहलगांव हमला, चुन-चुनकर बदला'' ...और इस संकल्प की पूर्ति से वे किसी भी स्थिति में पीछे हटने वाले नही है।

## सुविचार

उत्तम पुरुषों की संपत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो।

– रहीम

कबिरा घास न निन्दिये जो पाँवन तर होय। उड़ि कै परै जो आँख में खरो दुहेलो होय?

– कबीर

## प्रसंग

### डॉक्टर की पहचान

रसायनशास्त्री नागार्जुन एक राज्य के राज वैद्य थे। एक दिन उन्होंने राजा से कहा, मुझे एक सहायक की जरूरत है। राजा ने उनके पास दो कुशल युवकों को भेजा और कहा कि उनमें से जो ज्यादा योग्य लगे उसे रख लें। नागार्जुन ने दोनों की कई तरह से परीक्षा ली पर दोनों की योग्यता एक जैसी थी। नागार्जुन दुविधा में पड़ गए कि आखिर किसे रखें। अंत में उन्होंने दोनों युवकों को एक पदार्थ दिया और कहा, इसे पहचान कर कोई भी एक रसायन अपनी इच्छानुसार बनाकर ले आओ। हां, तुम दोनों सीधे न जाकर राजमार्ग के रास्ते से जाना। दोनों राजमार्ग से होकर अपने- अपने घर चले गए। दूसरे दिन दोनों युवक आए। उनमें से एक युवक रसायन बना कर लाया था जबकि दूसरा खाली हाथ आया था। आचार्य ने रसायन की जांच की। उसे बनाने वाले युवक से उसके गुण-दोष पूछे। रसायन में कोई कमी नहीं थी। आचार्य ने दूसरे युवक से पूछा, तुम रसायन क्यों नहीं लाए उस युवक ने कहा, मैं पहचान तो गया था मगर उसका कोई रसायन मैं तैयार नहीं कर सका। जब मैं राजमार्ग से जा रहा था तो देखा कि एक पेड़ के नीचे एक बीमार और अशक्त आदमी दर्द से तड़प रहा है। मैं उसे अपने घर ले आया और उसी की सेवा में इतना उलझ गया कि रसायन तैयार करने का समय ही नहीं मिला। नागार्जुन ने उसे अपना सहायक रख लिया। दूसरे दिन राजा ने नागार्जुन से पूछा, आचार्य। जिसने रसायन नहीं बनाया उसे ही आपने रख लिया। ऐसा क्यों? नागार्जुन ने कहा, महाराज दोनों एक रास्ते गए थे। एक ने बीमार को देखा और दूसरे ने उसे अनदेखा कर दिया। रसायन बनाना कोई जटिल नहीं था। मुझे तो यह जानना था कि दोनों में कौन मानव सेवा करने में समर्थ है। बीमार व्यक्ति चिकित्सक की दवा से ज्यादा उसके स्नेह और सेवा भावना से ठीक होता है, इसलिए मेरे काम का व्यक्ति वही है जिसे मैंने चुना है।

## जरा हटके

# पेट की चर्बी बढ़ने में होती है स्टेम सेल्स की भूमिका

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ताजा शोध में खुलासा हुआ है कि अधेड़ उम्र में शरीर में कुछ खास प्रकार की स्टेम कोशिकाएं सक्रिय हो जाती हैं, जो पेट की चर्बी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होती हैं। अमेरिका स्थित सिटी ऑफ होप संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध का नेतृत्व कर रहीं प्रोफेसर किओंग वांग के अनुसार, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर मांसपेशियों को खोने लगता है और उनकी जगह चर्बी लेने लगती है।

हालांकि शरीर का कुल वजन ज्यादा नहीं बढ़ता, लेकिन पेट के आसपास चर्बी तेजी से जमा होने लगती है। यह बदलाव मांसपेशियों के स्थान पर वसा कोशिकाओं के सक्रिय होने के कारण होता है। शोध में खास तौर पर व्हाइट एडिपोज टिशू यानी श्वेत वसा ऊतक पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो उम्र बढ़ने के साथ चर्बी बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि इस ऊतक में मौजूद एडिपोसाइट प्रोजेनिटर कोशिकाएं (एपीसीएस) नामक स्टेम सेल्स उम्र के साथ इतनी सक्रिय हो जाती हैं कि वे लगातार नई वसा कोशिकाएं बनाना शुरू कर देती हैं। जब इन कोशिकाओं को बूढ़े चूहों से निकालकर युवा चूहों में ट्रांसप्लांट किया गया, तो उन्होंने तेजी से वसा कोशिकाएं बनाईं। वहीं जब युवा चूहों की एपीसीएस को बूढ़े चूहों में ट्रांसप्लांट किया गया, तो वसा कोशिकाओं का निर्माण उतना नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि उम्रदराज शरीर में मौजूद स्टेम सेल्स खुद ही अधिक सक्रिय होकर पेट की चर्बी को बढ़ाते हैं। इस खोज से यह उम्मीद जगी है कि भविष्य में इन विशेष स्टेम कोशिकाओं को नियंत्रित करके अधेड़ उम्र में बढ़ती पेट की चर्बी पर काबू पाया जा सकता है। हालांकि इसके लिए अभी और रिसर्च की आवश्यकता है। मालूम हो कि अक्सर देखा गया है कि बचपन और युवावस्था में दुबला-पतला दिखने वाला व्यक्ति 30 से 35 की उम्र पार करते ही अचानक पेट के आसपास चर्बी से भर जाता है, जिससे उसकी काया भद्दी दिखने लगती है। यह समस्या भारत समेत दुनियाभर में बेहद आम है। आमतौर पर इसके लिए लोग अनहेल्दी लाइफस्टाइल और कम शारीरिक गतिविधियों को दोषी मानते हैं, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इसके पीछे एक और अहम वजह का पता लगाया है।

## फोटो ऑफ द डे


रोम में नये पोप के चयन से पहले एक आम बैठक के लिए जाते हुए कार्डनल ग्रीगोरियो रोसा। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# बिन सेलफोन सब सून

डॉ. टी महादेव राव

आज का जीवन इतना सरल, सफल और असहज हो गया है तो इसका कारण आप सभी जानते हैं... जी हाँ सेलफोन। हर आदमी के कर की शोभा बना सेल अपने आप में एक दिव्यास्त्र की तरह शोभायमान और सदैव सेवा में तत्परता लिए हुए विष्णु के सुदर्शन चक्र की भाँति निरंतर चलायमान रहता है। विष्णु तो जब चाहते थे तभी सुदर्शन चक्र उनकी तर्जनी में दर्शन देता और दुष्टों का काम तमाम करता पर सेलफोन ते कर की शोभा बन हर एक का काम हमेशा तमाम करने पर लगा रहता है।

पत्नी का फोन आया तो कह दिया ऑफिस की मीटिंग में व्यस्त हूँ, बाद में फोन करता हूँ, भले ही अपने सेक्रेटरी के साथ आप कॉफी शॉप में हों। बार में बैठे हों और बॉस का फोन आया तो कह दिया कि सर मैं अपने घर में कंप्यूटर पर कल की मीटिंग के प्रेजेंटेशन्स बना रहा हूँ। आपका काम भी बन गया और बॉस भी खुश। गर्लफ्रेंड ने फोन किया और आप नहीं मिलना चाहते क्योंकि आप ने उसकी माँग (सिंदूर वाला नहीं) पूरी नहीं की, क्योंकि महीने के आखिरी दिन जो हैं और तनखूवाह मिलने में चार-पाँच दिन का समय जो है। आप कह देते हैं कि ऑफिस में हूँ बॉस के साथ जबकि आप होते हैं अपनी किसी पुरानी दोस्त के साथ रामकृष्ण बीच पर मुर्गी मसाला खाते हुए। अर्थ यह है कि आपको समस्याओं से बचाने वाला जो यंत्र है वह है सेल फोन। ये अलग बात है कि आप सारे दिन में सच कम या नहीं के बराबर बोलते हैं और झूठ के शहंशाह बन जाते हैं। साथ ही एक और ख़ास बात यह भी है कि आपकी सर्जना शक्ति बढ़ जाती है। बस बिना तैयारी के आप झूठ बोलने में ऐसे माहिर हो जाते हैं कि सामने वाला आपको विश्व में सबसे अधिक ईमानदार और कर्मठ मानने लगता है, क्योंकि आप इतना विश्वसनीय और आत्मविश्वास से भरे अंदाज़ में बोलते हैं कि सामने वाले की बोलती बंद हो जाती है। सेल फोन आपको इतना अधिक आत्मविश्वास देता है कि आप झूठ भी ऐसे बोलते हैं कि सच को भी कभी-कभी अपने आप पर शक होने लगता है कि वह सच है या झूठ का प्रतिबिंब। व्यक्ति चाहे जैसा भी हो उसमें आमूलचूल परिवर्तन लाने में सेल फोन का महत्व नकारा नहीं जा सकता। सेल फोन धारण करने वाला व्यक्ति ऐसा चंदन का पेड़ है जिस पर विष व्याप जाता है लिपटे हुए सेलफोन रूपी भुजंग की वजह से। सेल फोन का महत्व इस कारण भी है कि सेल फोन लेने वाले सभी कमोबेश एक जैसे ही हो जाते हैं। वैसे ही जैसे खरबूजा को देखकर रंग पकड़ता है। एक बार चढ़ गया यह रंग तो फिर चढ़े न दूजो रंग। सेलफोन की करामात यह है कि जाने अंजाने में हम उसके दास हो जाते हैं, ठीक उसी तरह जिस तरह जादुई चराग का जिन उस चराग के मालिक का गुलाम होता है। कभी-कभी जब हम सेल फोन कहीं भूल जाते हैं या खो देते हैं तो ऐसा लगने लगता है कि शरीर का कोई अंग कट गया है या छूट गया है, कोई कमी है जो हमें लगातार परेशान कर रही है किसी देनदार की तरह, शादी के लिए पीछे पड़ी पुरानी प्रेमिका की तरह और दवाइयों के बावजूद न छूटने वाले मर्ज़ की तरह। तो जीवन का अभिन्न अंग बना सेल फोन खतरे भी कम पैदा नहीं करता। ग़लती से कभी जब आप धडल्ले से अपना सेल फोन नंबर किसी अजनबी को दे देते हैं तो बस वही ग़लती शादी की ग़लती की तरह आपको जीवन भर त्रस्त करती रहेती है।

## चिंतन-मनन

# भय को निकालें

जब क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिधि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा।

एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछदिन बाद ही आया और पूछा- भाई! अब डर तो नहीं लगता? उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया।

जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है। हमारे जीवन के संचालन के केन्द्र में जो तत्व है, वह है लोभ। मनोविज्ञान के अनुसार हर व्यक्ति में कुछ मौलिक मनोवृत्तियां होती हैं। जीने की इच्छा भी इसी में एक है।

## रोचक

# भूख न लगने की वजह हो सकती है विटामिन बी1 की कमी

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** कई बार लोग दिनभर में बहुत ही कम खाना खा पाते हैं और पेट जल्दी भर जाता है। यह स्थिति अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे कई गंभीर बीमारियां जन्म ले सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, भूख न लगने की एक प्रमुख वजह विटामिन बी1 यानी थायमिन की कमी हो सकती है। यूएस स्थित नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन की रिपोर्ट में भी इसका उल्लेख किया गया है कि खासकर बच्चों और बुजुर्गों में विटामिन बी1 की कमी के चलते भूख में कमी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह विटामिन शरीर में मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करता है और भोजन को ऊर्जा में बदलने में मदद करता है। इसकी कमी से व्यक्ति को कमजोरी, थकावट, चिड़चिड़ापन और भ्रम जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि विटामिन बी1 से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल किया जाए। साबुत अनाज, दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, मूंगफली, बीज, अंडा और डेयरी उत्पाद विटामिन बी1 के अच्छे स्रोत हैं। नॉन वेजिटेरियन लोग मछली और चिकन का सेवन कर भी इसकी कमी पूरी कर सकते हैं। भूख न लगना केवल विटामिन की कमी से ही नहीं होता, बल्कि स्ट्रेस, नींद की कमी, अनियमित दिनचर्या और खराब लाइफस्टाइल भी इसके पीछे जिम्मेदार हो सकते हैं।

# इजरायल ने कहा- आत्मरक्षा का सभी को हक, आतंकियों को सबक सिखाना जरुरी

**तेल अवीव।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर इजरायल ने भारत की जमकर पीठ थपथपाई है। कहा है कि आत्मरक्षा का सभी को हक है और आतंकियों को सबक सिखाना बेहद जरुरी है। भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजर ने बुधवार सुबह एक्स पर लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ जघन्य अपराध करने के बाद उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। उनको सबक सिखाया जाना जरूरी है। इजरायल का ये समर्थन भारत के लिए अहम है क्योंकि चीन और तुर्की जैसे अहम देशों का रुख पाकिस्तान की ओर है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने तनाव के बीच तुर्की ने पाकिस्तान के समर्थन का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि तुर्की के विदेश मंत्री ने पाक विदेश मंत्री को फोन करके भारत की ओर से पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के खिलाफ तुर्की की एकजुटता व्यक्त की है। तुर्की ने क्षेत्रीय सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। भारत की ओर पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी है। मार्को रुबियो ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। रुबियो ने उम्मीद जताई कि भारत-पाकिस्तान में बना ये तनाव जल्दी ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रहेगी।

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान में मिसाइलों से हमला किया है। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पंजाब में एयरस्ट्राइक की है। इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है, जिसके तहत 9 ठिकानों पर हमला किया गया है। भारतीय सेना के मुताबिक, पाकिस्तान में बहावलपुर के मरकज सुभानअल्लाह, मुरीदके में मरकज तैयबा, सरजाल/तेहरा कलां, सियालकोट में महमूना जोया फैसिलिटी, भिंबर में मरकज अहले हदीस, कोटली में मरकज अब्बास और मरकज राहील शाहिद, मुजफ्फराबाद में शावई नाला कैम और मरकज सैयदना बिलाल पर हमला किया है।



पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद में भारतीय मिसाइल हमले में धवस्त बिलाल मस्जिद का एक हिस्सा।

# ऑपरेशन सिंदूर से भड़का तुर्की, भारत की कार्रवाई को बताया अनुचित और आक्रामक

**इस्लामाबाद।** भारतीय वायुसेना ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को तबाह कर दिया गया है। भारत की इस कार्रवाई पर पाकिस्तान का दोस्त तुर्की भड़क गया है। तुर्की ने भारत के इस कदम को अनुचित आक्रामकता बताया है। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार से फोन पर बात की और भारत के हमलों की निंदा की।



तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार से बात कर भारत की अनुचित आक्रामकता के खिलाफ पाकिस्तान के प्रति तुर्की की एकजुटता व्यक्त की। भारत ने पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन किया और निर्दोष नागरिकों की जान ली है। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने पर चिंता जताई। दोनों नेताओं ने इस बढ़ती स्थिति पर निकट समन्वय बनाए रखने पर सहमति जताई। बता दं भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। ये हमले 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किए गए, जिसमें 28 लोग मारे गए थे। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हमले केंद्रित, संयमित थे, और इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया।

हमलों में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इनमें पंजाब के बहावलपुर और मुरीदके साथ ही पीओके के कोटली और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान शामिल थे। भारतीय सेना ने दावा किया कि ये हमले आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता नीति का हिस्सा हैं।

पाकिस्तान ने इन हमलों को युद्ध का कार्य करार देते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को इस युद्ध के कार्य का जवाब देने का पूरा अधिकार है और हम इसका जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत के हमलों में आठ लोग मारे गए।

## आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद इस्लामाबाद के स्कूल-कॉलेज बंद

**इस्लामाबाद।** भारत के हमले के बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सभी सरकारी और निजी स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी सरकार ने कहा है कि सभी निर्धारित परीक्षाएं अपने तय समय पर होंगी। इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इसके अलावा पाकिस्तान सेना एलओसी और इंटरनेशनल बॉर्डर पर लगातार फायरिंग कर रही है। फायरिंग में जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में 6 नागरिकों की मौत हो गई है और 34 घायल हुए हैं। हालांकि, अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसके चलते पंजाब बॉर्डर पर बीएसएफ को अलर्ट कर दिया गया है बीएसएफ पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की प्रतिक्रिया का जवाब देने के लिए तैयार है।

भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालत को देखते हुए पाकिस्तान एयरस्पेस में एक भी फ्लाइट नहीं उड़ी। वहीं, भारत ने ब?ते तनाव को देखते हुए पाकिस्तान बॉर्डर से सटे राज्यों में उ?ानें रद्द कर दी हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात और राजस्थान शामिल हैं। भारत ने 7 राज्यों के 11 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। श्रीनगर, जम्मू, श्रीनगर, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर में उड़ानें रोकी गई हैं। यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। एअर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। सरकार महत्वपूर्ण संस्थानों, इमारतों और संवेदनशील इलाकों के लिए कुछ और कदम भी उठा सकती है।

## न्यूयॉर्क टाइम्स ने नहीं की पहले वाली गलती, इस बार लिखा आतंकी हमला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने भी इस हमले की खबर को अपनी वेबसाइट में लीड लिया है। यही नहीं न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस बार पहले वाली गलती नहीं की है और पहलगाम के अटैक को आतंकवादी हमला ही लिखा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की हेडिंग है- इंडिया स्ट्राइक पाकिस्तान टू वीक ऑफ्टर टेररिस्ट अटैक इससे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने बड़ी गलती की थी और पहलगाम अटैक को मिलिटेंट अटैक यानी उग्रवादी हमला लिखा था। इस पर अमेरिका की सरकार ने भी आपत्ति जताई थी और हेडिंग ही बदलवा दी थी। अमेरिकी सरकार ने अखबार को नसीहत दी थी कि पहलगाम अटैक को मिलिटेंट अटैक नहीं बल्कि टैररिस्ट अटैक यानी आतंकी हमला लिखा जाए।

## आज का इतिहास 8 मई

1828 अंतराष्ट्रीय रेडक्रास के संस्थापक हेनरी डुनांट का जन्म हुआ.

1884 अमरीकी राष्ट्रपति हैरी एस.धुमन का जन्म हुआ.

1921 स्वीडन ने मौत की सजा समाप्त कर दी गई.

1945 द्वितीय विश्व युद्ध में यूरोप में विजय दिवस मनाया गया.

1963 भारतीय रेडक्रास की शताब्दी समारोहों का आयोजन हुआ.

1987 इरान, इराक युद्ध में पहली बार सोवियत मालवाहक पर हमला हुआ.

1989 अमरीकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिस कैलीफोर्निया के के. मोजेव रेगिस्तान में सुरक्षित उतरा.

1990 एस्टोनिया ने खुद को गणराज्य घोषित किया.

1991 समुद्री तूफान से ढाका में 45 व्यक्ति मारे गये.

1995 अंग्रेजी दैनिक ट्रिब्यून के एक पूर्व मुख्य संपादक प्रेम भाटिया का निधन.

1997 राजीव गांधी हत्या के छ: वर्ष के बाद उनकी पत्नी सोनिया गांधी ने कांग्रेस दल की प्रारंभिक सदस्यता ग्रहण की.

1998 पूर्वोत्तर विकास परिषद में सिक्किम को शामिल किया गया. पूर्वोत्तर राज्यों को पड़ोसी देशों से व्यापार की सुविधा.

2002 शिवसेना नेता और भारी उद्योगमंत्री मनोहर जोशी लोकसभा के नये अध्यक्ष बने.

## प्रसंगत: कंगन का दान

संस्कृत के कवियों में माघ का श्रेष्ठ स्थान है। वह साधन-संपन्न तो थे ही, दान देने में भी अग्रणी थे। लोगों को विश्वास था कि उनके घर से कोई भी जरूरतमंद कभी खाली हाथ नहीं लौटता। दान देते-देते एक अवसर ऐसा भी आया कि जब वह खुद ही निर्धन हो गए। लेकिन मदद करने की उनकी भावना में कोई कमी नहीं आई। वह लोगों की सहायता के लिए पहले की तरह ही तत्पर रहते थे। एक रात किसी गरीब पुजारी ने उनका दरवाजा खटखटाया। माघ ने दरवाजा खोला तो पुजारी ने बाहर आने का निवेदन किया और कहा, 'मेरी बेटी की शादी है। कैसे विवाह कर पाऊंगा, इस बात की चिंता सताती रहती है। मैं आपसे कुछ सहायता मांगने आया हूं।' कविवर ने सोचा कि इस समय न घर में धन है, न कोई ऐसी वस्तु जो याचक को दी जा सके। कुछ देर सोचने के बाद वह अपनी सोयी हुई पत्नी के पास गए और धीरे से उसका हाथ उठाकर उससे कंगन उतारा। पत्नी की नींद खुल गई, परंतु पति को सामने देखकर उसने आंखें बंद कर लीं। माघ ने बाहर आकर वह कंगन उस पुजारी को दे दिया और उसे वहां से जल्दी भाग जाने के लिए कहा। किंतु पत्नी ने दरवाजे की दरार से सब कुछ देख लिया कि उसके पतिदेव किसको वह कंगन दे रहे हैं। उस पुजारी ने माघ से कहा, 'इस सहयोग के लिए मैं आपका आभारी हूं पर एक कंगन मेरे लिए अपर्याप्त है।' माघ ने कहा, 'अभी तुम एक ले जाओ, दूसरा मैं नहीं दे सकता।' पत्नी ने तुरंत दूसरा कंगन उतारा और बाहर आकर कविवर को देते हुए कहा, 'मुझसे क्यों छुपा रहे थे। जरूरतमंदों की मदद के लिए ही तो हमारा जीवन है। इस व्यक्ति को दूसरे कंगन की भी आवश्यकता है। इसे आप यह भी दे दीजिए।' अपनी पत्नी के व्यवहार से माघ बहुत खुश हुए और उन्होंने दूसरा कंगन भी पुजारी को देकर उसे प्रसन्नतापूर्वक विदा किया।

## दैनिक पंचांग

**8 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.48 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.01 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.17 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.29 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.40 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.54 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.10 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.16 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.02 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मीन | 02.35 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.05 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 128 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 12.30 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 21.07 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 01.57 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 12.30 बजे तदनन्तर बव 01.42 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872338
**जूलियन दिन** 2460803.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 09
**विशेष** मोहिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 | बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 | बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.40 | से | 07.11 | बजे तक |
| चर | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| रोग | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| शुभ | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| अमृत | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि एकादशी, गुरुवासरे, उ.फा. नक्षत्रे, हल योग, विवकरणे, कन्या की चंद्रमा भद्रा 20/10 मोहनी एकादशी व्रत, मुंडन दिरागमन कर्ण वेद जलखनन तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, शिक्षक-शिक्षाविद, शिक्षा शस्त्री, उत्तम वृत्ति वाला, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, लेखक-कवि, वक्ता, राजनीति में पटु, नेता, अभिनेता, चंचल वृत्ति वाला, उद्यमी, व्यवसायी, कुशल प्रशासक, ट्रेजरार, ठेकेदार, संपादक, पत्रकार होगा।





मेष राशि: इष्ट मित्रों से सुख कार्य, व्यवसाय गति उत्तम तथा योजनाएँ बनेंगी, ध्यान दें।

वृष राशि: अचानक शुभ समाचार व धन प्राप्ति के योग बनेंगे, संवेदनशील होने से बचिये।

मिथुन राशि: क्रोध से अशांति, तनाव झगड़े से बचिये, अर्थ-व्यवस्था कुछ अनुकूल ही बनेगी।

कर्क राशि: कार्य-कुशलता से सहयोग, स्त्री वर्ग से हर्ष, भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

सिंह राशि: इष्ट मित्र सुखवर्धक हों, कुटुम्ब की समस्याऐं अवश्य ही सुलझ जाएंगी, ध्यान दें।

कन्या राशि: व्यर्थ व्यय, असमंजस और स्थिरता का वातावरण का सामना करना पड़ेगा।

तुला राशि: अधिकारियों का समर्थन विफल हो तथा कार्य व्यवसाय गति अनुकूल बनेगी।

वृश्चिक राशि: समय की अनुकूलता से लाभांवित हों, कार्य-कुशलता से अनुकूलता बनेगी।

धनु राशि: व्यवसाय गति उत्तम, भाग्य साथ देवे, बिगड़े कार्य में सुधार अवश्य ही होगा।

मकर राशि: स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, स्वास्थ्य नरम रहे, स्थिति में सुधार अवश्य ही होगा।

कुंभ राशि: स्त्री शरीर से सुख, मानसिक बेचैनी से बचिए, कार्यगति अनुकूल बने।

मीन राशि: धन-लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

## पाक के मंत्री बोले- हमारे यहां कोई आतंकी नहीं हैं, रक्षा मंत्री बयान पर गिड़गिड़ाने लगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार विदेशी मीडिया के सामने लंबी लंबी हांकते हुए दावा कर रहे थे कि उनके यहां एक भी आतंकी शिविर नहीं है। इस पर उन्हे जब रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान याद दिलाया कि उन्होंने स्वीकार किया है कि 30 साल से हम आतंकियों को पाल परहे है। इस तरार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते दिखे।

याद दिलाया कि खुद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक सप्ताह पहले इसी शो में स्वीकार किया था कि पाकिस्तान ने दशकों तक आतंकी गुटों को समर्थन, फंडिंग और प्रशिक्षण दिया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो भी इस नीति की सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर चुके हैं। यहां तक कि बिलावल भुट्टो भी स्वीकार कर चुके हैं।

एंकर ने कहा, 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की सैन्य सहायता यह कहते हुए बंद कर दी थी कि पाकिस्तान आतंकियों को आश्रय दे रहा है। ऐसे में 'पाकिस्तान में कोई आतंकी कैंप नहीं हैं' कहना आपके ही वरिष्ठ नेताओं के बयानों के विपरीत है। आतंकवाद और आतंकवादी संगठनों को फंडिंग और समर्थन देना पाकिस्तान के इतिहास का हिस्सा रहा है और यह अब भी है।

इसके जवाब में मंत्री ने कहा, पाकिस्तान में कोई आतंकी शिविर नहीं हैं। हम खुद आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार हैं। हमने आतंकवाद के खिलाफ जंग में 90,000 जानें गंवाई हैं।

आज भी बलूचिस्तान और अन्य इलाकों में हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। पाकिस्तानी मंत्री ने दावा किया कि पाकिस्तान आतंक के खिलाफ फ्रंटलाइन स्टेट है और उसने हमेशा पश्चिमी सीमा पर आतंकियों से लड़ा है। एंकर ने फिर इतिहास याद दिलाया तो मंत्री ने कहा, जो रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि उनका मतलब गलत समझा गया है। 9/11 के बाद, पाकिस्तान आज भी आतंकवाद के खात्मे में लगा सबसे अग्रणी देश है। हम दुनिया की शांति के गारंटर हैं, क्योंकि हम आतंकवादियों और बाकी दुनिया के बीच दीवार के रूप में खड़े हैं। आपको, मैं आपको पाकिस्तान आने का निमंत्रण देना चाहता हूं, आकर देखिए। इस पर एंकर ने कहा, मैंने पाकिस्तान का दौरा किया है और हम जानते हैं कि ओसामा बिन लादेन भी पाकिस्तान के एबटाबाद में पाया गया था।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- मुझे उम्मीद है कि लड़ाई जल्द समाप्त होगी

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान पर भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि यही उम्मीद कर सकता हूं कि दोनों देशों की यह लड़ाई जल्द खत्म होगी। उन्होंने कहा, 'यह शर्मनाक है।' बता दें, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सैन्य कार्रवाई की है। उन्होंने आगे कहा, हमने इसके बारे में तब सुना जब हम ओवल (अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय) जा रहे थे। मुझे लगता है कि लोगों को पता था कि अतीत में जो कुछ हुआ है उसके आधार पर कुछ होने वाला है। ट्रंप ने कहा, वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। वास्तव में, अगर आप वास्तव में इसके बारे में सोचें तो वे कई दशकों और सदियों से लड़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके पास दोनों देशों के लिए कोई संदेश है, उन्होंने कहा, नहीं, मैं बस उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन का गढ़ बहावलपुर भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सैन्य हमले ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए। भारत की ओर से यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद हुई है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा, 'ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।'

## संक्षिप्त समाचार

### मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन 2 जून को

**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में 2 जून 25 को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय, बांदा में मंडलीय पेंशन अदालत आयोजित होगी ।इस पेंशन अदालत में चित्रकूटधाम मंडल के जनपद बाँदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं उप्र बेसिक शिक्षा परिषद् के अंतर्गत प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल से सेवा निवृत्त कार्मिकों / अध्यापकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवा नैवृत्तिक लाभों (यथा पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि से ही सम्बंधित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 16 मई 25 के सांय 04 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। इस तिथि के उपरान्त कोई भी वाद स्वीकार नहीं किये जायेंगे। वाद पत्र/प्रत्यावेदन की एक प्रति सम्बंधित कार्यालयाध्यक्ष जहाँ से कर्मचारी सेवा निवृत्त हुआ है को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद लेना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि पेंशन अदालत में किसी न्यायलय/शासन द्वारा निर्णीत तथा न्यायालय में विचाराधीन एवं नीतिगत मामलों से सम्बंधित बाद पत्रों पर मंडलीय पेंशन अदालत में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में मिलेगी सब्सिडी

**बांदा।** जिला उद्यान अधिकारी बांदा राजेंद्र कुमार ने बताया है कि समस्त उद्यमी, कृषक को सूचित किया जाता है कि केन्द्र सरकारें के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का संचालन जनपद स्तर उद्यान विभाग बाँदा के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें योजनान्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित उद्योग स्थापित करने एवं लगे हुए उद्योगो का विस्तार करने पर कुल परियोजना लागत में 35 प्रतिशत सब्सिडी अधिकतम रू0 10.00 लाख तक की छूट का प्रावधान है। इस योजना में ऑयल मिल, फ्लोर मिल, दाल मिल, राइस मिल, बेकरी उद्योग, मसाला उद्योग, चिप्स पापड़, नमकीन, पोहा उद्योग, मिठाई उद्योग (रेस्टोरेंट), आरओ प्लान्ट, आईस्क्रीम, मैकोनी, पास्ता, सहित 50 से ज्यादा उद्योग शामिल है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में निदेशालय से जनपद को लक्ष्य प्राप्त हो गया है। जिसके क्रम में विभाग द्वारा तेज गति से कार्य किया जा रहा है। कहा विभाग में तैनात योजना के जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) द्वारा आये हुए आवेदनो का परीक्षण करने के उपरांत विभाग द्वारा संबंधित आवेदनों को बैंक में भेज दिया जाता है। जनपद के इच्छुक बेरोजगारो युवाओं, कृषकों तथा उद्यमियों को अपने उद्योग को स्थापित करने एवं विस्तार करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का लाभ लेने हेतु उद्यान विभाग के कार्यालय में जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) से संपर्क करके अपने-अपने आवेदनो को जमा करके योजना का लाभ ले सकते हैं।

### किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव की तैयारी करें अधिकारीः डीएम

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर उसके बचाव एवं आवश्यक उपायों को किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आपदा प्रबन्धन कार्यालय में सम्पन्न हुई ।जिसमें दैवीय आपदा सहित अन्य किसी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे बचाव किये जाने तथा आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में किसी आपदा एवं संकट की स्थिति उत्पन्न होने एवं उसके बचाव के साथ स्थिति से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञों से सहित मेडिकल टीम, फायर व अन्य सम्बन्धित संसाधनों के साथ लाइव मॉकड्रिल/बचाव का अभ्यास किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं आपदा विशेषज्ञों द्वारा ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर उपस्थिति लोगों एनसीसी कैडेट एवं अन्य लोगों को आपदा के समय क्या करें, क्या न करें के बारे में जानकारी दी गयी तथा आपदा विशेषज्ञ एवं मेडिकल टीम द्वारा अन्य उपलब्ध संसाधनों से मॉकड्रिल/बचाव का अभ्यास करते हुए सुरक्षित रहने के उपायों के सम्बन्ध में बताया गया। आपदा की स्थिति के समय सुरक्षित स्थान पर रहने तथा लाइट का उपयोग न करने, बच्चों, बुजुर्गों के लिए विशेष सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था रखने के उपायों एवं जरूरी दस्तावेज आधार, पहचान पत्र व अन्य महत्पूर्ण अभिलेखों को सुरक्षित रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा भीड-भाड वाले स्थान में एकत्र न होने आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का शायरों व कवियों ने किया सम्मान

### शहर के एक होटल में हुआ आयोजन




**बाँदा।** मंगलवार की शाम शहर के एक होटल में भारती जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत का शायरों और कवियों ने सम्मान समारोह आयोजित किया । इस समामन समारोह में विजय कुमार पूर्व महानिदेशक उत्तर उत्तर प्रदेश पुलिस( रिटायर्ड डी जी पी) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने की, संचालन संजय काकोनिया ने किया ।

समारोह में तारिक अजीज, आरपी तिवारी स्वदेश,जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान, नड़रे आलम नड़र बांदवी,गफ्फार बांदवी,डा, चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित आदि शायरों और कवियों ने ड़ड़लें और कविताएं सुनाईं ।

इसके बाद मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि विजय कुमार पूर्व महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस, डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित, डा, सऊद उड़ जमा सादी भाई, बाँदा पैरामेडिकल कालेज के चेयरमैन मकबूल अली खान,गफ्फार बांदवी, आयोजक नड़रे आलम आदि ने कल्लू सिंह राजपूत को अंग वस्त्र पहना कर स्मृति चिन्ह भेंट किया, इसके बाद आयोजक समिति से नड़रे आलम, डॉ, चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित, जावेद खान, तारिक अजीज, आदि ने मुख्य अतिथि विजय कुमार पूर्व महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस को अंग वस्त्र पहना कर और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि विजय कुमार ने कहा कि जिस जिलाध्यक्ष के सम्मान समारोह में सभी वर्ग सभी समुदाय के लोग एक छत के नीचे मौजूद हैं यकीनन वो एक अच्छे इंसान हैं उन्होंने कल्लू सिंह राजपूत के उज्जवल भविष्य की कामना की ।शोभाराम कश्यप ने बाँदा के हिन्दु मुस्लिम इतिहास पर प्रकाश डाला, भा ज पा के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा ये एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए इससे आपसी सौहार्द को बड़ावा मिलता है ।सम्मान की इस कड़ी में सेवर्स आफ लाइफ ब्लड डोनर ग्रुप के अध्यक्ष सलमान खान, पतांजलि योग शिविर के गुरु प्रकाश साहू, रोटी बैंक के अध्यक्ष रिड़वान अली, तिरंगा वितरण और पंछी बचाओ अभियान के अध्यक्ष शोभाराम कश्यप, द मैन काइंड कोविद 19 ग्रुप के उपाध्यक्ष जावेद खान आदि को उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अमित सेठ भोलू, अंसार सिद्दीकी,सैय्यद अहमद मगरिबी, अभय प्रताप सिंह,डा. शरीफ फिजियो,पप्पू महाराज, हज ट्रेनर आरिफ खान,उत्तम सक्सेना, अकील खान,सुनील सक्सेना सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे, अंत मे वरिष्ठ शायर गफ्फार बांदवी ने सभी का आभार्य व्यक्त किया ।

# वक्फ कानून में हुआ संशोधन कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को करेगा मजबूत

### अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**तिंदवारी (बांदा)।** भाजपा के वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत तिंदवारी कस्बे में अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कहा गया कि वक्फ कानून में हुआ संशोधन कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत करने में सहायक होगा।

तिंदवारी कस्बे के सिकंदरपुर में आयोजित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ कानून में हुआ संशोधन कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत करने में सहायक होगा। यूपीए सरकार की ओर से प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार कर मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम कर संपत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया था। इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले लिए गए। संशोधन में इन खामियों को दूर किया गया है।उन्होंने नए वक्फ कानून की खूबियां बताते हुए कहा कि यह कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत करने में सहायक होगा। यह कानून विरासत एवं व्यक्तिगत संपत्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करेगा मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार लाएगा। पटेल ने कहा कि विपक्ष का एजेंडा नकारात्मक प्रचार से लोगों को भ्रमित करने का है।पटेल ने सरकार के मूल मंत्र श्सबका साथ, सबका विकासश् को दोहराते हुए अपने भाषण का समापन किया।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं और उन्हें सभी क्षेत्रों में समृद्ध और सफल होने के समान अवसर हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने कहा कि वक्फ सुधार अधिनियम देश के गरीब, बेसहारा अल्पसंख्यक परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि पूर्व में सच्चर समिति की रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी कि बोहरा आधारखानी, पसमंदा, विषवार, मुस्लिम महिलाए ओबीसी आदि के बीच गरीबी को प्रमुखता से उजागर किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी देशराज सिंह ने कहा कि अब इन संपत्तियों का मुस्लिम समाज के कल्याण के लिए उपयोग होगा। इन जमीनों पर स्कूल, अस्पताल, खेल के मैदान और बाजार बनाए जाएंगे ताकि मुस्लिम समाज की आर्थिक स्थिति सुधरे। अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष साबिर खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला, जिला कार्यसमिति सदस्य चंद्रभूषण सिंह पटेल, अलखनारायण मिश्रा, अब्दुल वसी, बुल्लू अली शाह, याकूब खान, नसीमुद्दीन,सज्जाद हाफिज, खालिक, सनाउल, अनवर, अतुल दीक्षित, प्रीतम गुप्ता राजा,आलोक मिश्रा, अभिलाष गुप्ता, असगर पूर्व प्रधान, रामप्रकाश मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते आठ जुआरी गिरफ्तार




### अभियुक्तों के कब्जे से माल-फड़ व जामातलाशी के कुल 21940 रुपये एवं 52 अदद ताश के पत्ते बरामद

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिसंडा पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।गौरतलब हो कि बीती देर रात्रि थाना बिसंडा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम डभनी से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।मौके से माल फड़ व जामा तलाशी के रुपये एवं ताश के पत्ते बरामद हुए है गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रेमचन्द्र पुत्र ऊधौप्रसाद निवासी डभनी थाना बिसण्डा जनपद बांदा, नूरहसन पुत्र मैकू निवासी ग्राम कोर्रही थाना बिसण्डा जनपद बांदा,गंगा सागर पुत्र रणछोर निवासी बाघा थाना बिसण्डा जनपद बांदा,रामप्रताप पुत्र बिहारी निवासी तेन्दुरा थाना बिसण्डा जनपद बांदा,रामप्रसाद पुत्र आनन्दी निवासी डभनी थाना बिसण्डा जनपद बांदा,जगदीश पुत्र रामकुमार निवासी मरौली थाना बिसंडा जनपद बांदा,अनिल कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी बाघा थाना बिसण्डा जनपद बांदा व सुरेन्द्र पटेल पुत्र भवानीदीन निवासी ग्राम कोर्रही थाना बिसण्डा जनपद बांदा शामिल हैं।

# पुलिस ने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का किया आयोजन




### घटनाओं को आभासी रुप से क्रिएट कर आपदा से निपटने का किया गया अभ्यास

### सर्च आपरेशन के दौरान पुलिस मुठभेड़ में दो हमलावरों को किया गया ढेर

**बांदा।** शासन द्वारा किसी भी आकस्मिक आपदा से निपटने के लिए जारी किए गये निर्देशों के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा आज मण्डलीय चिकित्सालय परिसर में मॉक ड्रिल किया गया । इस दौरान जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे. रिभा व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल की उपस्थिति में आपदा के वास्तविक सीन को क्रिएट कर सभी सम्बन्धित विंगों यथा- एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, आर्टिलरी टीम, फायर सर्विस, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा आदि द्वारा आपदा से निपटने में अपनी-अपनी बेहतर, प्रभावी भूमिका एवं एक्शन का अभ्यास किया गया । अभ्यास के दौरान घटनाक्रम इस प्रकार रहा कि दोपहर करीब 12.10 बजे चिकित्सालय परिसर में एक बम बिस्फोट की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर चिकित्सा सेवा, बम डिस्पोजल टीम, फायर सर्विस आदि टीमों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बिस्फोट से लगी आग पर काबू पाते हुए सभी घायलों को बाहर निकाला गया जिन्हे तत्काल एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया । बम डिस्पोजल टीम तथा एंटी टेररिस्ट स्क्वायड द्वारा सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है, सर्च आपरेशन के दौरान दो हमलावरों को ढेर कर दिया गया है । घटना में करीब 09 लोंग घायल हैं जिनका बेहतर इलाज चल रहा है ।

# परिवहन विभाग को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मासिक समीक्षा बैठक



**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में कर-करेत्तर वसूली, राजस्व कार्यों एवं मासिक स्टाफ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत, वन, खनिज एवं मण्डी बबेरू तथा स्टाम्प एवं रजिस्टेऊशन के कर वसूली में वृद्धि लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टाम्प एवं रजिस्टेऊशन के सम्बन्ध में एआईजी स्टाम्प एवं परिवहन विभाग को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत देयकों एवं वाणिज्य कर की आरसी की वसूली किये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग से मिलान कराकर वसूली कराये जाने के निर्देश विद्युत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने परिवहन एवं अन्य सम्बन्धित विभागों की आरसी की वसूली किये जाने हेतु एक सप्ताह में मिलान कर वसूली कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने बडे बकायेदारों से वसूली किये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन के कर में वृद्धि करने तथा प्रवर्तन कार्य में तेजी लाये जाने तथा प्रवर्तन कार्यों के अन्तर्गत आकस्मिक चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ओवरलोड वाहनों की सघन चेकिंग किये जाने तथा रोड टैक्स के प्रकरणों की भी चेकिंग किये जाने के निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये।जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के तहसीलवार निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पुराने राजस्व वादों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय के लम्बित वादों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित राजस्व अधिकारियों को दिये। समीक्षा के दौरान तीन वर्ष से अधिक के वादों के निस्तारण में बबेरू एवं बॉदा में बेहतर कार्य किये जाने पर उन्होंने अन्य तहसीलों में भी इसी प्रकार वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस, आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण किये जाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को दिये। उन्होंने दाखिल दफ्तर की कार्यवाही समय से किये जाने तथा वरासत के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य एवं कृषि पट्टा आवंटन हेतु सर्वे कराकर सूची तैयार किये जाने एवं तदानुसार पट्टा आवंटन की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में राजस्व की वृद्धि किये जाने तथा कर वसूली बढाये जाने हेतु समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये ।उन्होंने आडिट आपत्तियों का शीघ्र समय से निस्तारण किये जाने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों एवं पेंशन के प्रकरणों को लम्बित न रखते हुए शीघ्र कार्यवाही करते हुए पेंशन दिलाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कर्मचारियों की विभागीय कार्यवाही के प्रकरणों में जांच कर ऐसे मामलों में शीघ्र जांच कर कार्यवाही करते हुए निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव सहित समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार अति0मजिस्टेऊट सहित कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**बांदा।** जिले में करीब सवा लाख किसानों के सामने सम्मान निधि का संकट खड़ा हो सकता है। शासन ने किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को अब पीएम सम्मान निधि की 20वीं किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। शासन ने अप्रैल 2024 में फार्मर रजिस्ट्री कराने के आदेश जारी किए थे। गांव-गांव में कैंप के जरिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई। वहीं, अभी भी 1.25 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। शासन ने शुरुआती दौर में किसानों को सहूलियत देते हुए 19वीं किस्त तो जारी कर दी, लेकिन अब 20वीं किस्तं में फार्मर रजिस्ट्री को पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि किसान आधार से लिंक मोबाइल व आधार, खतौनी लेकर किसी भी जन सेवा केंद्र में जाकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। अन्यथा उनको पीएम सम्मान निधि की 20 वीं किस्त का लाभ नहीं मिलेगा। अब यदि ये सवा लाख किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराते हैं तो इनके खाते में निधि का पैसा नहीं जाएगा। बताया जा रहा है कि इनमें अधिकांश किसान ऐसे हैं, जो बाहर रहते हैं। इसके अलावा जन सेवा केंद्रों में नेटवर्क की दिक्कत से थक हारकर घर बैठ गए हैं।

# महाराणा प्रताप जयंती पर होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन




**बांदा।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन एक ऐतिहासिक एवं भव्य साहित्यिक आयोजन करने जा रहा है। स्वाभिमान दृ एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, जो 9 मई 2025, शुक्रवार को सायं 6 बजे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बांदा के प्रेक्षागृह में संपन्न होगा।

बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन, जो कि क्षेत्र के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रतिबद्ध एक अग्रणी संस्था है, इस आयोजन के माध्यम से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की वीरता, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा का स्मरण कर रहा है। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले ख्यातिप्राप्त कवि अपने ओजपूर्ण, हास्यरस, श्रृंगार रस और वीर रस की रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह कार्यक्रम जहां वीर रस से ओतप्रोत होगा, वहीं हास्य और श्रृंगार रस की रचनाएं भी श्रोताओं को साहित्यिक आनंद प्रदान करेंगी।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कई गणमान्य जनप्रतिनिधि मंच की शोभा बड़ाएंगे, जिनमें जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक प्रकाश द्विवेदी (बांदा सदर), एमएलसी जीतेंद्र सिंह सेंगर, बाबूलाल तिवारी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु और ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष स्वर्ण सिंह सोनू प्रमुख हैं। कार्यक्रम की सफलता में आयोजन समिति के सक्रिय सदस्य दिनेश दीक्षित, जगराम सिंह चौहान, कल्लू सिंह राजपूत, मनोज पुरवार, श्याम जी निगम, अमित सेठ भोलू, वंदना गुप्ता, देशराज सिंह, दिलीप गुप्ता और शशांक सिंह परमार लगे हुए हैं। बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन सात जिलों झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट और बांदा दृ में शिक्षा, सामाजिक सेवा, कन्याओं के विवाह में सहायता, और युवाओं को नेतृत्व व रोजगार के अवसर दिलाने जैसे विविध कार्यों में सक्रिय है। संस्था के संस्थापक प्रवीण सिंह, जो कि जनसेवा और सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत हैं, युवाओं को प्रेरित कर एक नए बुंदेलखंड के निर्माण हेतु प्रयासरत हैं। बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह ने क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों से इस गौरवपूर्ण कवि सम्मेलन स्वाभिमान में सपरिवार शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और कवियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। कहा कि यह आयोजन न केवल साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि यह बुंदेलखंड के सांस्कृतिक गौरव को भी एक नई पहचान देगा।

# हमारे साथ आप भी अपनाएं सुरक्षा के उपाय: जीआरपी व आरपीएफ

### भारत पाक के बीच युद्ध की आशंका को देखते हुए नागरिकों और यात्रियों की सुरक्षा के मद्दे नजर जीआरपी और आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर किया मॉकड्रिल

### पुलिसकर्मियों ने फ्लैग मार्च के दौरान सघन चेकिंग कर आने-जाने वाले यात्रियों से वार्ता कर सुरक्षा हेतु दिए टिप्स

### अधिकारियों ने पुलिस कर्मचारियों को सुरक्षा को लेकर दिए दिशा निर्देश







**ललितपुर।** पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंका देखी जा रही है। क्योंकि भारतीय सेना ने मंगलवार की देर रात पाक के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें नेस्तो–नाबूत कर दिया। इस एयर स्ट्राइक के बाद सीमा पर तनाव की स्थिति देखी जा रही है और युद्ध की आशंका भी बनी हुई है। इसी को देखते हुए समुचित देश में अलर्ट जारी किया गया है और कई जगह पर आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए मॉकड्रिल कराई जा रही है। किसी को देखते हुए जनपद के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ द्वारा बुधवार को सुबह रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए फ्लैग मार्च किया गया और यात्रियों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इसके साथ ही यात्रियों को सुरक्षित रहने के टिप्स दिए और अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस मामले में उचित दिशा निर्देश जारी किए।

देश के हालात कैसे भी हो लेकिन आप निश्चिंत रहें हम आपकी सुरक्षा में तैनात हैं, लेकिन आपको भी सुरक्षा के लिए कुछ टिप्स अपने होंगे यह बात जीआरपी और आरपीएफ के स्थानीय अफसरों ने रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च करते हुए यात्रियों और वहां मौजूद स्थानीय नागरिकों से कही। दरअसल देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए कभी भी आपातकाल लागू किया जा सकता है और भारत और पाकिस्तान के बीच कभी भी युद्ध चढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। इसी को लेकर देश के प्रधानमंत्री ने देश की जनता को संबोधित किया और सुरक्षित रहने के लिए कुछ टिप्स भी जारी किए। युद्ध की आशंका के बीच यात्रियों और आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार बुधवार को स्थानीय जीआरपी और आरपीएफ ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल किया और प्लेटफार्म पर फ्लैग मार्च करते हुए वहां मौजूद यात्रियों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए उन्हें भी सुरक्षित रहने के लिए टिप्स जारी किए। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों ने यात्रियों के सामान की सघन तलाशी ली और युद्ध की आशंका को देखते हुए उनसे वार्तालाप भी किया। इस दौरान अधिकारियों ने यात्रियों और आम जनता को अवगत कराया कि इस समय देश के हालात युद्ध जैसे हैं और दोनों देशों के बीच युद्ध की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है लेकिन आपको सुरक्षित रहने के लिए कुछ टिप्स अपने होंगे यदि देश में आपातकाल लागू किया जाता है और युद्ध शुरू होता है तो आपको भी सुरक्षित रहने के लिए कई उपायों को अपनाना पड़ेगा, ताकि आप सुरक्षित रह सकें।

## » न्यूज कैप्सूल »

### अनधिकृत रूप से डीजे के लिए बनाई गई कार ने भाई को टक्कर मारकर चालक को किया गंभीर

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रजवारा के पास डीजे वाली तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार घायल हुआ, जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उक्त मामले में पुलिस को शिकायती पत्र देकर गाड़ी नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जीरोन निवासी छोटू पुत्र मोहन ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए उपयुक्त करने की दिनांक 5 मई 2025 को वह अपनी मोटर साइकिल से ग्राम पानारी शादी में शामिल होने के लिए आया था। इसके बाद रात्रि करीब 9 बजे वह पनारी से ग्राम रजवारा की तरफ जा रहा था। इसी बीच जब वह रास्ते में राजवारा के पटेरा के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही डीजे वाली कार क्रमांक यूपी 94 ए 3137 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में वह गाड़ी सहित गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क हादसे के बाद डीजे गाड़ी का चालक मौके से गाड़ी को लेकर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस द्वारा उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा है। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ 281, 125बी, 125बी धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### एक राय होकर ग्रामीण के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मररौली में ग्रामीण के साथ तीन विपक्षियों ने गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और बचाव में आए उसके भतीजे को भी नहीं बक्शा। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित के भतीजे की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम मररौली निवासी हनुमत सिंह पत्र लखन सिंह लोधी ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 मई 2025 को करीब 8ः30 बजे उसके चाचा कैलाश पुत्र देशपत को गांव में ही रहने बाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी श्रीपत पुत्र कुंजीलाल, पुरुषोत्तम पुत्र भगवान दास और रघुवीर पुत्र राम सिंह आदि एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट कर रहे हैं। इस दौरान जब वह बचाव में गया, तो उन्होंने लात घुसा लाठी डंडा से उसके साथ भी मारपीट की पर जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों नामजद विपक्षियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### घर के दरवाजे के पास खड़े ग्रामीण के साथ विपक्षी बाप बेटे ने गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुआंघोषी में अपने घर के दरवाजे के पास खड़ी है ग्रामीण को विपक्षी बाप बेटे ने दबोच कर गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर आरोपी बाप–बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्राम कुआँघोषी निवासी नारायण सिंह पुत्र भगवत सिंह ने महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 मई 2025 को सुबह करीब 10ः00 बजे जब वह अपने घर के पास खड़े थे, तभी उसके ही गांव में रहने वाला दबंग प्रवृत्ति का विपक्षी प्रकाश पुत्र सरमन कुशवाहा अपने पुत्र राहुल के साथ आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं जब उसने बिपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लात घुसो लाठी डंडा से जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। विपक्षियों की मारपीट में उसके सर में गंभीर चोट आई है और वह इलाज के लिए अस्पताल भी गया था। कोतवाली महरौनी पुलिस में मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों ही बाप बेटे आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार दंपति सहित मासूम बेटी को रौंदा

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बारयों की सड़क पर एक मोटरसाइकिल पर जा रही दंपति और उसकी पुत्री को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रण पिकअप ने जोरदार टक्कर मारकर रोंद दिया और चालक पिकअप को लेकर मौके से रफु–चक्कर हो गया। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर गाड़ी नंबर का संज्ञान लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बारयो निवासी अजय पुत्र अमित यादव ने थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 5 मई 2025 को रात्रि करीब 9ः30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी और मासूम बेटी को लेकर गांव की सड़क पर जा रहा था, उसी समय सामने से आ रही पिकअप क्रमांक यूपी 94 टी 8604 के अज्ञात चालक ने गाड़ी को तेजी तथा लापरवाही से चलते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# बेटियों की शादी अनुदान योजना से जनपद के पात्र अभिभावक न रहने पायें वंचित: डीएम

### शादी अनुदान योजना का जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दिये निर्देश

### जिलाधिकारी ने बैठक कर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक–एक कर सभी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिये कि यह प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जनपद में इस योजना शादी अनुदान योजना से पात्र माता–पिता व अभिभावक वंचित न रहने पायें, इसके लिए योजना का जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह के अंतिम सप्ताह तक स्वीकृति व भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश बघेल ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे अभिभावकों की पुत्रियों को शादी अनुदान का लाभ प्रदान किया जाता है। जिन्होंने अपनी पुत्री की शादी घर से सम्पन्न की हो और परिवार की सभी स्त्रोतों में वार्षिक रू0 1.00 लाख से अधिक न हो। योजनान्तर्गत अभिभावकों को रू0 20000.00 की धनराशि प्रदान की जाती है। योजना के लिए पात्र वर की आयु की उम्र 21 तथा वधु की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये। आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया में विभाग वेबसाइट www.shadi-anudan.upsdc.gov.in पर किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए अभिभावक का आय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक खाता, आधार कार्ड की आवश्यकता होती है। वधू का आधार कार्ड तथा शादी का कार्ड भी लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में शादी के 90 दिन पूर्व एवं 90 दिन बाद तक आवेदन किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के स्तर से जांच कर आवेदन पत्र सत्यापित कर अग्रसारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद को 732 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित कराने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, विधायक सदर प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, विधायक महरौनी प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, विधायक प्रतिनिधि स्नातक विजय यादव, विधायक प्रतिनिधि स्थानीय निकाय अतुल निरंजन, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, उपस्थित रहे।

# अब सभी बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की हुई शुरुआत

### धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर 70 साल और उससे अधिक के बुजुर्गों के लिए दिया खास तोहफा

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभीबुजुर्गों के लिए खास तोहफा दिया है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रथनमंत्री जन आरोग्य योजना (क्क-क्त्न्छ) के तहत सभी बरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा कवर देने की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 70 साल या उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों को 5लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। यह योजना सभी बुजुर्गों के लिए है, चाहे उनकी आमदनी कुछ भी हो। इस योजना के जरिए सरकार का मकसद स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ और किफायती बनाना है। सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिएसिर्फ आवेदन–आधारित रजिस्ट्रेशन होगा. रजिस्ट्रेशन एक सतत प्रक्रिया होगी, जिससे पूरे वर्ष पंजीकरण की अनुमति होगी।

वरिष्ठ नागरिकों के नामांकन् के लिए मोबाइल फोन एल्तिकेशन (आयुष्मान ऐप) और वेब पोर्टल ड्ढद्गठ्ठद्गद्घद्बष्ड्ढ–ड्ड4.ठ्ठद्बड्डद्द्ग1द्बठ्ठ मैं एक अलगमॉड्यूल बनाया गया है इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों को इस पोर्टल या ऐप पर आवेदन करना होगा। मौजूदा और नए दोनों परिवारों केलिए 70 वर्ष और उससे ज्यादा आयु के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक विशिष्ट आयुष्मान कार्ड आपुष्मान वय वंदना कार्डजारी किया जाएगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत राष्टर के 10 करोड़ गरीब एवं कमजोर परिवारों कोरु0– 5 लाख प्रति परिवार प्रतिवर्ष बीमाकृत धन राशि सेकेन्डरी एवं टर्शिरी चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने का प्रावधान है।

# गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को तालबेहट पुलिस ने किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** जनपद में चलाए जा रहे चेकिंग और गस्त अभियान के दौरान गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को तालाबेहट पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने की उद्देश्य के साथ–साथ वांछित अपराधियों की धर–पकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0– 188/25 धारा 191(2)/105/352/351(2) ड्ढह्रस् व 3(2)(1), 3(2)(1ड्ड) व 3(1) द.ध. स्ष्/स्ञ्, ष्ह्ल में वांछित अभियुक्त भरत सिंह पुत्र हुकुम सिंह यादव उम्र करीब 47 वर्ष नि0 ग्राम खांदी मजरा गनेशपुरा को बन्दरैला तिराहा, नहर पटरी से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुये अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर से टीम गठित की गयी थी। गठित टीम द्वारा सर्विलांस(मैनुअली/टेक्नीकली), वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से अभियुक्त भरत सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ0नि0 रामसेवक, कां0 कमल कुमार, कां0 अवनीश कुमार शामिल रहे।

# पति की मौत के बाद बेघर हुई पत्नी बच्चों के साथ दर-दर भटकने को मजबूर

### डीएम को ज्ञापन देकर नाजायज रूप से कब्जाये गए मकान को वापस दिलाने की उठाई मांग

### देवरानी पर लगाया शराब के नशे में पति से मकान का एग्रीमेंट कराने का आरोप



**ललितपुर।** पति के जिंदा रहते चालाक देवरानी ने एक स्टांप पेपर पर शराब के नशे में उसके मकान का एग्रीमेंट कर लिया और पति की मौत के बाद जेठानी और उसके बच्चों को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया,जिस कारण बेघर हुई पत्नी और बच्चे दर–दर भटक रहे हैं। पीड़ित पत्नी ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देकर उक्त मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई । इस दौरान महिला ने अपनी देवरानी पर पति से शराब के नशे में एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कराकर पति की मौत के बाद मकान हड़पने के करने के आरोप लगाए हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देवगढ़ रोड पर स्थित मोहल्ला जुगपुरा निवासी मालती उर्ड़ बड़ी बहु पत्नी स्वर्गीय राम प्रसाद उर्फ चिंटू यादव बुधवार को अपने तीन बच्चों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां उसने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपनी ही देवरानी पर अवैध रूप से पति की मौत के बाद अपने मकान पर कब्जा कर उसे बच्चों सहित बाहर निकलने का आरोप लगाया। जिला अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया है कि उसका पति राम प्रसाद शराबी किस्म का व्यक्ति था, जो अक्सर शराब के नशे में धुत रहता था। बताया गया है कि उसकी सास स्वर्गीय सजन भाई के नाम से मोहल्ले में एक मकान बना हुआ था, जिसमें वह अपने परिवार के साथ निवास कर रही थी। चुकी उसके देवर स्व राधाचरन का बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसी दौरान उसकी देवरानी ने उसके पति को नशे की हालत में अपने झांसे में लेकर एक स्टांप पेपर उसके मकान के हिस्से को भी अपने नाम करवा लिया इसके बाद जब उसके पति की एक ट्रेन हादसे में मौत हो गई तो उसके बाद उसकी देवरानी ने उसके चारों बच्चों सहित से घर के बाहर निकाल दिया और अपने पुत्र के साथ मकान पर अवैध रूप से कब्जा जमा लिया जबकि उसका पत्र राजपाल पशुपालन विभाग में नौकरी भी करता है। घर से निकले जाने के बाद अब वह दर–दर भटक रही है और उसके बच्चों पर भरण पोषण का भी संकट खड़ा हुआ है। शिकायती पत्र के माध्यम से महिला ने विपक्षियों की जांच कर कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए अपने मकान को वापस दिलाए जाने की मांग उठाई।

# अंतोदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 9 मई से 25 में तक होगा आवश्यक वस्तुओं का वितरण

**ललितपुर।** कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि दिनांक 06 मई 2025 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहर्थी कार्ड धारको को माह मई में आवश्यक वस्तुओं का वितरण दिनांक 9 मई से 25 मई 2025 तक किया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्ड धारको 14 कि॰ग्रा0 गेहूँ, 21 कि॰ग्रा0 चावल प्रति कार्ड एवंपात्रगृहस्थी कार्डधारको को 05 कि॰ग्रा0 खाद्यान्न (2.00 कि॰ग्र॰ गेहूँ, 3.00 कि॰ग्राड़ चावल) प्रतियूनिट नि:शुल्क वितरण किया जाना है। अत: जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहर्थी राशन कार्ड धारको को सूचित किया जाता हैं कि निश्चित तक उचित दर दुकानों पर उपस्थित होकर ई–पॉस मशीन के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से नि॰शुल्क आवश्यक वस्तूयें प्राप्त करना सुनिश्चत करे। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुयें प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाईल ओ0टी॰पी॰ वेरीफिकेशन के माध्यम से अन्तिम तिथि 25 मई 2025 को नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा।

# आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां में जुटे कार्यकर्ता: नेपाल सिंह यादव

### समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई मासिक बैठक, बूथ कमेटियां तैयार करने की कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**ललितपुर।** कार्यकर्ता अपने अपने बूथ की कमेटियां दुरूस्त रखें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में हम सभी पीडीए के फार्मूले पर चलकर बूथ कमेटियों को तैयार करने में जुट गए। यह बात समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई मासिक बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी से मिले पर निर्देश का कार्यकर्ता पालन करेंगे। बूथ कमेटियों में हर वर्ग को शामिल किया जाएगा। जिससे चुनाव में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके, ताकि हम सभी आगामी विधानसभा चुनाव 2027 आसानी से फतह कर पाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जी जान से अभी से चुनाव की तैयारियां में जुट जाएं। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष तिलक सिंह यादव बानौली, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह यादव, विजय सिंह यादव, सहमाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, नगराध्यक्ष अंशुल जैन अभि खजुरिया, कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, नरेंद्र सिंह राजपूत, मूरत सिंह यादव, सोन सिंह यादव, तुलसीराम अहिरवार, राजेश झा, राजेश यादव जय गुरुदेव, पुष्पेन्द्र सिंह यादव, जावेद खान, खिलान सिंह, शहरोज खान, प्रमोद इमलिया, रामविलास रजक, मोहम्मद अनवर खान, यादवेन्द्र सिंह, रामनरेश यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा, मुलायम सिंह अहिरवार, रामस्वरूप अहिरवार, राजकुमार अहिरवार, राजा यादव बंट, राजेंद्र सिंह यादव, राजेश पठारी, राजीव यादव दौलता, एड जगमान सिंह, शालू यादव, हुकुम सिंह, विक्की रजक, पुष्पेन्द्र सिंह यादव दिनेरिया, आजाद सिंह, सुखलाल कुशवाहा, गोविंद यादव, रोहित परिहार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद मॉक ड्रिल

# बम ब्लॉस्ट, आगजनी जैसी स्थिति से निपटने के लिए किया अभ्यास










## त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय का हुआ परीक्षण

**झांसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की सीमाओं पर जहां हलचल तेज हो गई है, वहीं देश के भीतर भी युद्ध जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अभ्यास के लिए बुधवार को पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आड़ोजन किया गया। पुलिस लाइन में बम विस्फोट की घटना को दर्शाया गया, वहीं, एक फैक्ट्री में आग लगने के बाद बचाव व राहत कार्य का अभ्यास किया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस, राहत एजेंसियों, सिविल डिफेंस की तत्परता एवं तालमेल का परीक्षण किया गया।

मॉक ड्रिल के तहत झांसी पुलिस लाइन में एक होटल में बम विस्फोट की घटना को दर्शाया गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं, दूसरी ओर एक अन्य हिस्से में भीषण आग लगने की सूचना भी मॉक ड्रिल में शामिल की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस की टीमें, एम्बुलेंस और दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गई। वहीं, राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, चिकित्सा टीमें सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान राहत टीमों ने समन्वय के साथ घायलों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्धय कराई। मॉक ड्रिल में बम ब्लास्ट में तीन लोग घायल हुए, जिन्हें तुरंत एबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, दो गंभीर रुप से घायल व्यक्तियों को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया, जिससे उनकी हालत को नियंत्रित किया जा सका।

उधर, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियों ने समय रहते पहुंचकर आग पर काबू पाया और आस-पास के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ड्रिल के दौरान यह भी देखा गया कि सभी विभागों के बीच तालमेल और संचार व्यवस्था प्रभावशाली रही, जिससे राहत कार्यों में तेजी आई।

### क्या बोले झांसी डीएम

जिलाधिकारी मुदुल चौधरी का कहना है कि यदि युद्ध जैसी स्थिति बनती है तो हमारी आपदा राहत टीम कैसे काम करेगी। इससे बचने के लिए यह स्थिति बनाई गई थी। इसमें आपात स्थिति में नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के लोगों का क्या काम होगा, पुलिस और प्रशासन किस तरह मुस्तैद रहेगी। इन सब बातों को जांचने के लिए गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह ड्रिल करवाई गई थी।

### क्या बोले एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने मॉक ड्रिल को सफल बताया और कहा कि यह अभ्यास आपदा के समय लोगों की जान बचाने और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी रहेगा। झांसी में पर्यटन स्थलों पर इस प्रकार की तैयारियों से किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने में सहायता मिलेगी। इस ड्रिल से न केवल सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता का परीक्षण किया बल्कि आम नागरिकों को भी जागरुक किया। उन्होंने जनता से भी अपील की कि किसी भी आपदा की स्थिति में अफवाहों पर ध्यान न दें और अधिकृत स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी का ही पालन करें। एसएसपी ने बताया कि इस दौरान लोगों को आपदा या हवाई हमले जैसी परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देते हुए ब्लैक ऑउट के दौरान अमल में लायी जाने वाली कार्रवाई एवं बरती जानी वाली सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### हादसे की सूचना पर बजा सायरन

आगजनी के बाद सिलेंडर फटने से हादसे की सूचना के बाद दो मिनट का सायरन बजा। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। घायल हुए लोगों को सिविल डिफेंस और चिकित्सा दल ने फस्ट एड देकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया। तत्काल डीएम, एसएसपी, एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। राहत-बचाव दल में शामिल कर्मचारियों ने घायलों को एबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया।

### युद्ध की स्थिति में आपस में करनी होगी मदद

मॉक ड्रिल में एनसीसी के क्रेडित भी मौके पर पहुंचे। एनसीसी कैडेट ने बताया कि यदि युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो नेशनल कैडेट कोर पीछे नहीं रहेगा। हम भी जनता को मदद पहुंचाने के लिए तुरंत मौके पर पहुंचेंगे। इस युद्ध अभ्यास को देख रहे विकास ने बताया कि यदि युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो सबसे ज्यादा जरुरी लोगों को आपस में मदद करने की होगी। हमें अपनी सुरक्षा करते हुए दूसरों की मदद करनी होगी।

### वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर हुआ मॉक ड्रिल

ऑपरेशन सिंदूर के वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर मॉर्क ड्रिल किया गया। इसमें दर्शाया गया कि स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक खड़ी स्वर्णजयंती एक्सप्रेस व प्लेटफार्म नंबर सात पर विस्फोट हो गया। विस्फोट में दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसपी जीआरपी विपुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ रेलवे नईम खान मंसूरी, जीआरपी इंस्पेक्टर योगेंद्र पाल सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार कौशिक, क्राइम विंग टीम प्रभारी शिप्रा व डॉग स्क्रायड मौके पर पहुंचे। तत्काल घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की गई।

### विस्फोट के बाद रेलयात्रियों को सामान को किया चेक

एसपी रेलवे के निर्देश के बाद स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रेलयात्रियों के सूटकेस, बैग आदि सामान की तलाशी ली गई। एसपी रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव ने यात्रियों से अपील की है कि इस दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें और रेलवे अथवा सुरक्षा कर्मियों के दिशा-निर्देशों का पालन करें। एसपी रेलवे का कहना है कि यह मॉक ड्रिल युद्ध पूर्व तैयारी का हिस्सा है। इसका मकसद रेलवे कर्मचारियों और स्टेशनों को किसी भी आपात स्थिति में तत्पर और सक्षम बनाना है, ताकि जरुरत पड़ने पर युद्ध जैसी गंभीर परिस्थितियों में भी रेलवे सेवाएं सुरक्षित और चालू रह सकें।

# डीजल उपयोग को किया जा रहा कम: डीआरएम

### डीजल की खपत से एक करोड़ 15 लाख के राजस्व की बचत

**झांसी।** झाँसी रेल मंडल द्वारा हरित उर्जा के उपयोग को लगातार बड़ावा दिया जा रहा है. इससे कार्बन के उत्सर्जन में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से कमी आ रही है। इसके साथ ही हरित ऊर्जा के माध्यम से राजस्व की बचत की जा रही है। मंडल द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल माह तक डीजल की कम खपत से रु. 1.15 करोड़ के राजस्व की बचत की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह अप्रैल में 555 किलोलीटर हाई स्पीड डीजल का उपयोग हुआ।

यह बचत डीजल के स्थान पर बिजली के अधिकतम उपयोग से संभव हो सकी है। डीजल की खपत में आई कमीं के साथ ही तकनीक का उपयोग एवं उचित प्रबंधन से डीजल इस्तेमाल में कमी आई है। डीजल की खपत में कमी के चलते कार्बन उत्सर्जन में भी गिरावट आती है, जो की पर्यावरण को हरित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम हेतु सहायक है। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में डीजल इंजनों के बंदीकरण (शटडाउन) की नीति को प्रभावी रूप से लागू करते हुए, मंडल ने अप्रैल 2025 के माह में हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) तेल की बचत कर उल्लेखनीय राजस्व की बचत की है। इस पहल के अंतर्गत मंडल द्वारा कुल ड़1,15,30,037/- (एक करोड़ पंद्रह लाख तीस हज़ार सैंतीस रुपये) की बचत दर्ज की गई है। झाँसी रेल मंडल हरित तथा सौर उर्जा को भी बड़ावा देने का कार्य भी कर रहा है। झाँसी मंडल में विभिन्न स्थानों पर सौर उर्जा प्लेट लगाये गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल माह में कुल 67,485 यूनिट का उत्पादन किया गया है। इससे अप्रैल माह में बिजली खर्च पर आने वाले रु.2.15/- लाख की बचत हुई।

मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि झाँसी रेल मंडल सतत विकास के पथ पर लगातार अग्रसर है। सतत विकास के सिद्धांतों का अनुपालन करते हुए एक तरफ जहाँ हम हाई स्पीड डीजल के उपयोग में कमी ला रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सौर उर्जा से बिजली उत्पादन करने का कार्य भी कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हम इस क्षेत्र में और अधिक तत्परता से कार्य करेंगे।

### पुराने बाट-माप तौल उपकरणों की नीलामी 09 मई को

**झांसी।** बांट-माप निरीक्षक डी सी गुप्ता ने बताया कि सभी विभागीय मरम्मतकर्ता, विक्रेता, निर्माता, कबाड़ी 9 मई 2025 को कार्यालय वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान झांसी में पुराने बाट-माप तौल उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी होगी। इच्छुक लोग उपस्थित होकर उक्त नीलामी में सहभागी बनें।

# यूएमकेआरएस के भानुप्रताप सिंह चंदेल व डी के श्रीवास्तव बने मंडल संयोजक

### उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किया जनसंपर्क



**झांसी।** उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ का भानुप्रताप सिंह चंदेल और डी के श्रीवास्तव को मंडल संयोजक बनाया गया है। इसी तरह कारखाना मंडल के लिए कुलदीप नायक को संयोजक बनाया गया। बाद में यूएमकेआरएस के निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा है कि उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ रेलवे कर्मचारियों की मदद करने में सहयोग करेगा।

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के निर्वाचित हुए अध्यक्ष हेमंत विश्वकर्मा, भानु प्रताप सिंह चंदेल, डी के श्रीवास्तव, कुलदीप नायक, संगठन मंत्री ए के शुक्ला, महामंत्री रूपम पांडे एवं बीएमएस से विभाग प्रमुख चंद्रकांत चतुर्वेदी, संगठन मंत्री राजेश ठकुरानी और जिला मंत्री सोनी दुबे के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विद्युत लोको शेड, वैगन मरम्मत कारखाना, कैरेज वैगन आर ओ एच शेड, लेखा विभाग आदि सभी जगहों पर संपर्क कर सबका आभार जताया।

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ/भारतीय मज़दूर संघ की राष्ट्र वादी, श्रमिक हितैषी , उद्योग हितैषी,पारदर्शी एवं आधुनिक विचारधारा और कार्यप्रणाली की जानकारी श्रमिकों को देकर संगठन से जुड़ने की अपील की। इस संगठन की प्रमुख विशेषताएं यह है कि संगठन प्रथम मानते हुए कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाता हैं और उनसे मार्गदर्शन लेकर युवा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को आगे लाकर नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इसी का परिणाम है कि उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और महामंत्री सहित अनेक पदाधिकारी 45वर्ष से कम आयु के है।

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भारत वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारो के साथ स्वागत किया। टी आर एस शेड में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र ओढ़ा कर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष और महामंत्री ने आश्वासन दिया कि उनके हितों की रक्षा के लिए उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ सदैव तत्पर रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ वेतन से चंदा कटौती की वर्तमान नीति, परिवारवाद और जीवनपर्यंत कुर्सी न छोड़ने की नीति का पुरजोर विरोध करता है।

इस अवसर पर महामंत्री द्वारा यह घोषणा की गई कि संगठन का विस्तार करने , सदस्यता बढ़ाने और शाखाओं के पुनर्गठन करने के लिए झांसी मंडल पर मंडल संयोजक के रूप भानु प्रताप चंदेल, डी. के श्रीवास्तव और कारखाना मंडल के लिए कुलदीप नायक को महामंत्री द्वारा घोषणा करके उत्तरदायित्व सौंपा गया। इस प्रकार कार्यक्रम का संचालन राजेश ठाकुरानी ने किया। इस अवसर दयानिधि मिश्रा, संजीव वर्मा, सुनील शर्मा, सतीश गुप्ता, शास्त्री, त्रिवेदी, पंकज पांडे, परवेज, संतोष राठौर आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# यूपी में जनशिकायतों के निस्तारण में झांसी रेंज अव्वल

### शासन ने जारी की आईजीआरएस का रिपोर्ट कार्ड



फोटो -5

**झांसी।** आम आदमी की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में झांसी रेंज पहले नंबर पर है। शासन ने अप्रैल माह की मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल की रिपोर्ट जारी की है जिसमें विभिन्न पटलों पर जनशिकायतों की सुनवाई और शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण पर रेटिंग जारी की जाती है।

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण की शासन में प्रतिमाह समीक्षा की जाती है। समीक्षा के आधार पर ही शासन सभी जिलों व परिक्षेत्रों की रेटिंग जारी करता है। एक बार फिर से झांसी रेंज आईजीआरएस रेटिंग में परिक्षेत्र में टॉप पर आया है। सरकार ने आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए ऑन लाइन शुरुआत की थी।

इस संबंध में पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी ने बताया है कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह अप्रैल 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- अप्रैल 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने प्रथम रैंक प्राप्त की है।

डी.आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उपनिरीक्षक राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। डीआईजी ने परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आईजीआरएस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

# निशुल्क खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण कराना सुनिश्चित करें: जिला पूर्ति अधिकारी

### खाद्यान्न (गेहूं, चावल) का नि:शुल्क वितरण होगा 09 मई से 25 मई तक

**झांसी।** जिला पूर्ति अधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूं, 21 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न) का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित पात्र गृहस्थी योजना के अन्तर्गत माह अप्रैल 2025 के वितरण के पश्चात उचित दर दुकान स्तर पर अवशेष ज्वार की मात्रा को सम्मिलित करते हुए पात्र गृहस्थी परिवारों को 01 किग्रा0 ज्वार प्रति यूनिट (उपलब्धतानुसार) चावल के स्थान पर वितरित किया जायेगा। ज्वार की मात्रा समाप्त होने पर ज्वार के स्थान पर चावल का वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों के मध्य प्रत्येक दशा में चावल व ज्वार को मिलाकर वितरण स्केल 03 किग्रा0 प्रति यूनिट तथा गेहूं का वितरण स्केल 02 किग्रा0 प्रति यूनिट रखा जायेगा।

# उरई व पुखराया रेलवे स्टेशनों पर फहराया जाएगा सौ फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

**झांसी।** मंडल के अंतर्गत आने वाले उरई तथा पुखरायां रेलवे स्टेशनों पर शीघ्र ही हमारे देश के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक, 100 फीट ऊँचाई वाला राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। यह ध्वज न केवल स्थानीय नागरिकों में देशप्रेम की भावना को प्रबल करेगा, बल्कि स्टेशन की सुंदरता एवं पहचान को भी एक विशिष्ट स्वरूप प्रदान करेगा। इस संस्थापन कार्य हेतु 30 मई को निविदाएँ (टेंडर) खोली जाएँगी, जिसके उपरांत जल्द ही ध्वज की स्थापना एवं ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। यह पहल भारतीय रेल द्वारा यात्रियों और स्थानीय नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र जनहित का सजग प्रहरी

जन जन जागरण

झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र जन जन जागरण को जनपद ब्यूरो व तहसील सवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क कर सकते है। जिन्हें दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने का ज्ञान हो। जहां पर प्रतिनिधि चाहिए उन स्थानों के नाम दिए जा रहे है।

**जनपद झांसी:** रक्सा, बड़ागांव, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, ऐरच, गुरसरांय, बामौर, ककरबई, मऊरानीपुर, टहरौली, टोड़ीफतेहपुर, रानीपुर, सकरार, आदि।

**जनपद ललितपुर:** तालबेहट, पूराकलां, बांसी, बार बानपुर, महरौनी, मड़ावरा, जाखलौन, जखौरा, विरधा, पाली, बालाबेहट, राजघाट आदि।

**जनपद उरई:** एट, आटा, कुठौंद, जालौन, कालपी, कोंच, कदौरा, माधौगड़, आदि।

**जनपद महोबा:** कबरई, चरखारी, खरेला, बेलाताल, श्रीनगर, जैतपुर, आदि।

**ब्यूरो प्रमुख:** जनपद हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, कानपुर, उन्नाव, आगरा, इटावा, औरैया, मैनपुरी, आदि जनपदों में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।

सम्पर्क: 9936277530, 9450071944

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादकः बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946